www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:24 बजे
सूर्यास्त शाम 5:51 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

साल-1 • अंक-135 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 19 जनवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### नाबालिग से यौन उत्पीड़न, तीन काबू

**बक्सर|** बिहार के बक्सर जिले में एक नाबालिग लड़की से कथित यौन उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार सुबह उस समय हुई जब पीड़िता अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से ट्यूशन जा रही थी। डांगौली पुल के पास तीन युवकों ने उन्हें रोका और लड़की को जबरन सुनसान जगह ले जाकर यौन उत्पीड़न किया, फिर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता अपने भाई के साथ सोनबरसा थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बक्सर के एसपी शुभम आर्य ने बताया कि मामले की जांच जारी है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### जैश के आतंकियों के छिपे होने की आशंका

**किश्तवाड़|** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। यह मुठभेड़ छतरू क्षेत्र के मन्द्रल–सिंघोरा के पास सोनार गांव के घने जंगलों में उस समय शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के करीब तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। तलाशी के दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की, जिसके जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभाला। फिलहाल पूरे इलाके को घेर लिया गया है और अतिरिक्त बल तैनात कर तलाशी अभियान जारी है।

### पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश काबू

**नोएडा|** नोएडा के थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि तीसरे को बाद में दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी राहगीरों को कार में लिफ्ट देकर उनसे मारपीट कर मोबाइल, नकदी और अन्य सामान लूटते थे। आरोपियों के पास से एक कार, तीन तमंचे, कारतूस, 6,500 रुपये नकद, एटीएम व पैन कार्ड बरामद किए गए हैं।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

## 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम में स्नान की संभावना, प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के अभेद्य इंतजाम किए

**एजेंसी | प्रयागराज**



माघ मेले का सबसे बड़ा स्नान पर्व, मौनी अमावस्या को प्रयागराज संगम में शुरू हो गया। यह माघ मेले का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण स्नान पर्व है। ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे से स्नान की शुरुआत हुई और प्रशासन ने अनुमान लगाया कि आज तीन से ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगाएंगे।
स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब शनिवार से ही उमड़ पड़ा था। प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। करीब 3.5 किलोमीटर लंबा स्नान घाट विकसित किया गया है। स्नान के दौरान जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, आरएएफ और गोताखोर तैनात हैं। इसके अलावा, यूपी एटीएस और खुफिया एजेंसियों ने भी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय किए हैं। सभी स्नान घाटों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।
मौनी अमावस्या के मौके पर श्रद्धालु सुबह से ही संगम पर पहुंचने लगे। रात 12 बजे से ही संगम में पवित्र स्नान शुरू हो गया। डिविजनल कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बताया कि सुबह चार बजे तक लगभग 50 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने भीड़ नियंत्रण के कड़े उपाय किए हैं और लोगों को व्यवस्थित तरीके से स्नान करने के लिए मार्गदर्शन किया जा रहा है।
इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 की तर्ज पर संगम में स्नान कर रहे साधु-संतों और श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई। श्रद्धालु और साधु-संत इस अप्रत्याशित पुष्प वर्षा से अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने हर हर गंगे, जय मां गंगे और योगी जी महाराज की जय के नारे लगाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संगम पर आए श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, आस्था के महापर्व मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पवित्र संगम स्नान के लिए पधारे सभी पूज्य अखाड़ों, धर्माचार्यों, संतगणों, साधकों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का आत्मीय अभिनंदन।

## मुंबई में जीत, काजीरंगा में जश्न

# नॉर्थ ईस्ट की 'दूरी' भाजपा ने मिटाई : पीएम नरेंद्र मोदी

**एजेंसी | काजीरंगा**



असम के काजीरंगा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा वर्षों तक "दूरी" की रही—दूरी दिलों की और दूरी स्थानों की। दशकों तक यहां के लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर केवल अर्थव्यवस्था पर नहीं, बल्कि देश के प्रति भरोसे पर भी पड़ा।
इस भावना को बदलने का काम भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने किया है, जिसने नॉर्थ ईस्ट के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज—चारों माध्यमों से असम को जोड़ने का काम एक साथ शुरू किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब असम को बेहद कम रेल बजट मिलता था, करीब 2,000 करोड़ रुपये। भाजपा सरकार में यह बजट बढ़कर लगभग 10,000 करोड़ रुपये सालाना हो गया है। कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट की जरूरतों की कभी परवाह नहीं की और यही वजह है कि उसने देश का भरोसा खो दिया।
काजीरंगा का जिक्र करते हुए कहा कि जब प्रकृति सुरक्षित होती है, तो उसके साथ अवसर भी पैदा होते हैं। इससे होम-स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों के जरिए स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। उन्होंने असम सरकार की सराहना करते हुए कहा कि एक समय राइनो शिकार यहां की सबसे बड़ी चिंता थी। 2013–14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए थे। भाजपा सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की, वन विभाग को आधुनिक संसाधन दिए, निगरानी तंत्र सशक्त किया और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई। इसका परिणाम यह रहा कि 2025 में राइनो शिकार की एक भी घटना सामने नहीं आई। प्रधानमंत्री मोदी ने हालिया चुनाव परिणामों का हवाला देते हुए कहा कि देश का मतदाता आज सुशासन और विकास चाहता है—विकास के साथ विरासत का संरक्षण भी। यही कारण है कि भाजपा को लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मुंबई में कांग्रेस का जन्म हुआ था, वहां वह आज चौथे या पांचवें नंबर की पार्टी बन गई है।
दो दिन पहले महाराष्ट्र के बड़े शहरों में नगर निगम चुनावों में भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश मिला। पीएम मोदी ने कहा, "जीत मुंबई में हो रही है, जश्न काजीरंगा में मनाया जा रहा है।" उन्होंने बिहार के हालिया चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि 20 वर्षों बाद भी जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड वोट और सीटें दीं। बीते डेढ़ साल में भाजपा पर देश का भरोसा लगातार बढ़ा है और कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को मतदाता बार-बार नकार रहा है।

# त्रिकुटा पर्वत पर लगी भीषण आग

**एजेंसी | कटड़ा**



श्री माता वैष्णो देवी में आदकुंवारी के पीछे त्रिकुटा पर्वतीय क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग को बुझाने के लिए श्राइन बोर्ड प्रशासन और संबंधित विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। आग वाला क्षेत्र यात्रा मार्ग से काफी दूर है, जिससे वैष्णो देवी की यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। त्रिकुटा पर्वत के सुखाल नाला सूरज कुंड आदि क्षेत्रों में आग लगी है। तेज हवा से आग का दायरा बढ़ रहा है। शुक्रवार शाम पहाड़ी क्षेत्र में फैली सूखी झाड़ियों में आग लपटें और धुएं के गुबार दिखाई दिए। क्षेत्र दुर्गम और ऊंचाई पर स्थित होने के कारण आग पर काबू पाने में कठिनाई आ रही है। एहतियात के तौर पर प्रभावित क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है।

### गणतंत्र दिवस समारोह से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद

जम्मू। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कटरा में गणतंत्र दिवस समारोह से पहले सुरक्षा और यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की। सीईओ सचिन कुमार वैश्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में बहुस्तरीय सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और सुचारु तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कटरा के पुलिस अधीक्षक और सीआरपीएफ के कमांडेंट ने बैठक में बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह और यात्रा नियमों के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। इनमें त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (QRT) की तैनाती, समन्वित गश्त, पुलिस, सीआरपीएफ, सेना और अन्य अर्धसैनिक बलों को शामिल करते हुए एक स्तरित सुरक्षा ग्रिड शामिल है।

### सुनील जाखड़ की तबीयत बिगड़ी

**समर न्यूज़ | मोहाली**

पंजाब भाजपा के प्रधान सुनील जाखड़ पंजाब भाजपा के प्रधान सुनील जाखड़ की



सुनील जाखड़।

तबीयत रविवार सुबह अचानक बिगड़ गई। सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें तुरंत मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद एंजियोग्राफी की। एहतियात के तौर पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर निगरानी में रखा गया है और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। तबीयत खराब होने के कारण जाखड़ राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से होने वाली प्रस्तावित बैठक में शामिल नहीं हो सके। बाद में यह प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता सुभाष शर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला।

### AK-47 राइफलें, पिस्तौल, जिंदा कारतूस मिले

## भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हथियारों का जखीरा बरामद हुआ



**समर न्यूज़ | पठानकोट**

पंजाब के पठानकोट जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक बड़े आतंकी षड्यंत्र का खुलासा हुआ है। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर सीमा क्षेत्र के नरोट जैमल सिंह इलाके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस के अनुसार जब्त खेप में 3 AK-47 राइफलें, 5 मैगजीन, 2 पिस्तौल (एक तुर्की और एक चीनी निर्मित), 2 अतिरिक्त मैगजीन और 98 जिंदा कारतूस शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह हथियारों की खेप पाकिस्तान से पंजाब में शांति भंग करने के इरादे से भेजी गई थी।
संदीप गोयल, डीआईजी बॉर्डर रेंज ने बताया कि खुफिया इनपुट्स के अनुसार यह खेप रिंदा नामक अपराधी-आतंकी द्वारा भेजी गई है, जो पाकिस्तान की धरती से सक्रिय है। पुलिस का दावा है कि उसे आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। हथियारों की बरामदगी के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है और कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### विधायक डॉ. सुक्खी ने दिया इस्तीफा

**बंगा|** पंजाब के बंगा से विधायक डॉ. सुखविंदर कुमार सुक्खी ने आम आदमी पार्टी की ओर से मिली



कैबिनेट रैंक और पंजाब स्टेट कंटेनर एंड वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे का कारण उन्होंने राजा साहिब अस्थान के प्रति अपनी गहरी आस्था और चोरी हुए पावन स्वरूपों के मामले में मुख्यमंत्री के बयान को बताया।

## चलती ट्रेन से गिरी नाबालिग छात्रा, अस्पताल भर्ती

### परीक्षा में फेल होने के बाद घर से निकली थी, रेलवे लाइन पर आधा किमी. चलकर मांगी मदद

**समर न्यूज़ | बठिंडा**



बठिंडा में एक नाबालिग लड़की चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। लड़की के सिर और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद घायल लड़की रेलवे लाइनों के सहारे करीब आधा किलोमीटर तक चलती रही और मदद के लिए चिल्लाती रही।
बाद में वह उड़िया कॉलोनी स्थित एक घर तक पहुंची, जहां लोगों ने उसकी हालत देखकर तुरंत नौजवान वेलफेयर सोसाइटी को सूचना दी। नौजवान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सोनू माहेश्वरी ने बताया कि घायल लड़की की पहचान 15 वर्षीय आरती पुत्री धर्मपाल निवासी सिरसा (हरियाणा) के रूप में हुई है। आरती ने बताया कि वह दसवीं कक्षा की छात्रा है और हाल ही में दो विषयों में फेल हो गई थी।
घर में तनाव के चलते वह बिना बताए घर से निकल गई और बठिंडा से अबोहर जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। बताया गया कि दरवाजे के पास खड़े होने के दौरान हवा के झोंके से संतुलन खो बैठी और नीचे गिर गई। परिजनों को सूचना दे दी गई है और लड़की का इलाज जारी है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### गणतंत्र दिवस पर 30 झांकियां, 2,500 कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# कर्तव्य पथ पर दिखेगा स्वतंत्रता और समृद्धि का उत्सव

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



भारत का 77 वां गणतंत्र दिवस इस वर्ष स्वतंत्रता और समृद्धि के संदेश के साथ मनाया जाएगा। कर्तव्य पथ पर निकलने वाली भव्य परेड की थीम 'स्वतंत्रता का मंत्र – वंदे मातरम्' और 'समृद्धि का मंत्र – आत्मनिर्भर भारत' रखी गई है। परेड के जरिए देश की सांस्कृतिक विविधता, विकास यात्रा और आत्मनिर्भरता की झलक प्रस्तुत की जाएगी।इस अवसर पर कुल 30 झांकियां दर्शकों को आकर्षित करेंगी। इनमें 17 झांकियां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की होंगी, जबकि 13 झांकियां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की होंगी। साथ ही, लगभग 2,500 कलाकार देशभर की लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र दिवस समारोह को जीवंत बनाएंगे। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल होंगी। उनकी मौजूदगी से भारत और यूरोप के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।
पिछले वर्ष परेड में शामिल न हो पाए कई राज्य इस बार अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ लौट रहे हैं। इनमें असम, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, केरल और महाराष्ट्र शामिल हैं। इसके अलावा मणिपुर, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान और तमिलनाडु की झांकियां भी विशेष आकर्षण रहेंगी। झांकियों में पारंपरिक हस्तकला और लोकसंस्कृति को प्रमुखता दी गई है। असम की झांकी में आशिरकांडी गांव की हस्तकला, गुजरात और छत्तीसगढ़ द्वारा 'वंदे मातरम्' की अनूठी प्रस्तुति, महाराष्ट्र की झांकी में गणेशोत्सव को आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में तथा पश्चिम बंगाल की झांकी में स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल की भूमिका को दर्शाया जाएगा।

# इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सुरक्षा को देखते हुए विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह 8:46 बजे एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली थी। इसके बाद विमान को तुरंत डायवर्ट कर सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।
जानकारी के मुताबिक, विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी भरा संदेश लिखा मिला, जिसमें लिखा था—"प्लेन में बम है।" एक यात्री ने यह नैपकिन देखकर तुरंत क्रू मेंबर को सूचना दी। इसके बाद पायलट ने एटीसी को अलर्ट किया और विमान को लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया। लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया और विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। फ्लाइट में कुल 238 लोग सवार थे, जिनमें 230 यात्री (8 बच्चे भी शामिल), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट शामिल थे। सभी यात्रियों की सुरक्षा जांच के बाद उन्हें टर्मिनल तक पहुंचाया गया। वहीं विमान के अंदर मौजूद सभी लगेज की गहन तलाशी शुरू कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। बम निरोधक दस्ते ने विमान के भीतर सर्च ऑपरेशन चलाया, जबकि सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन एहतियातन जांच जारी है। सुरक्षा एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि धमकी किसने और किस मकसद से दी।

# श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रक से भिड़ी, 2 लोगों की मौत

## पंजाब में कोहरे का कहर : फगवाड़ा हाईवे पर 6 गाड़ियां टकराईं, बठिंडा में PRTC बस का हादसा

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब में रविवार को भी कोहरा कहर बनकर सड़कों पर छाया रहा। विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण जालंधर में चार और बठिंडा में एक हादसा हुआ। इन हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल है। पुलिस ने घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पहला हादसा जालंधर–भोगपुर हाईवे पर किशनगढ़ चौक के पास घनी धुंध के कारण हुआ। जालंधर से भोगपर जा रहे ट्रक की टक्कर ट्रैक्टर-ट्राली के साथ हो गई। ट्रॉली में संगत बैठी थी, जो अलावलपुर साइड से करतारपुर जा रही थी। टक्कर लगने से ट्रक पलट गया, जिसकी चपेट में आकर रेहड़ी चालक की मौत हो गई। ट्रॉली में सवार एक श्रद्धालु के सिर में चोट लगने से मौत हो गई। हादसे के कारण यातायात बाधित रहा। पुलिस ने वाहनों को क्रेन से हटवाया।

इसके अलावा जालंधर-फगवाड़ा हाईवे पर धुंध के कारण 6 गाड़ियां एक के बाद एक टकरा गईं। इनमें वाहनों का काफी नुकसान, हालांकि किसी को चोट नहीं आई। वहीं, जालंधर में ही धुंध की वजह से एक कार गड्ढे में गिर गई। यह हादसा बाबू जगजीवन राम रोड पर हुआ। धुंध के कारण वह गड्ढा नहीं दिखा। कार में 5 लोग सवार थे, जिनमें एक साल की बच्ची भी बैठी थी। चश्मदीदों के मुताबिक यहां 8 महीने से काम चल रहा था लेकिन न तो कोई बैरिकेडिंग की गई और न ही धुंध से बचाव के लिए कोई रिफलेक्टर लगाए गए हैं। उधर, बठिंडा के मौड़ मंडी में PRTC बस गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से टकरा गई। इससे बस में सवार करीब 35 सवारियां घायल









हो गईं। बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से टूट गया। यह बस बठिंडा से मानसा जा रही थी। हादसे बे बाद रोड पर जाम लग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक सुचारु कराया। गनीमत ये रही कि ट्रक में लदे सिलेंडर सुरक्षित रहे। यदि सिलेंडर फटते तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं जालंधर में DAV कॉलेज के पास एक कार बेकाबू होकर गंदे नाले में जा गिरी। कार में 2 लोग सवार थे। कार के नाले में गिरने के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। **ठंड में आज से राहत, 22 जनवरी तक धुंध रहेगी** वहीं मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब और चंडीगढ़ में आज से ठंड से थोड़ी राहत मिलेगा। अगले सप्ताह तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि 22 जनवरी तक सुबह-रात को धुंध रहेगी। उधर, मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान में 2.8 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब यह सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री अधिक हो गया है। श्री आनंदपुर साहिब में अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री दर्ज किया गया है। सबसे कम न्यूनतम तापमान अमृतसर में 4.4 डिग्री दर्ज किया गया है।

**19 से बारिश का दौर शुरू होगा**

चंडीगढ़ मौसम विज्ञान केंद्र के डायरेक्टर सुरेंद्र पाल ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहाड़ों पर एक्टिव हो गया है। ऐसे में 19 तारीख को राज्य के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की पूरी संभावना है। 22 और 23 तारीख को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान करीब 2 डिग्री बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि इसके बाद 3 दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, फिर आगे चलकर तापमान में 3 से 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।

**6 जिलों घना कोहरा छाएगा**

चंडीगढ़ मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आज अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि मौसम ड्राई रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर ईरान के पास बना पश्चिमी विक्षोभ अब अफगानिस्तान और उससे सटे पाकिस्तान के इलाके में पहुंच गया है। यह समुद्र तल से करीब 3.1 किलोमीटर ऊपर हवा के घुमाव के रूप में मौजूद है। ऐसे में 19 और 21 जनवरी की रात को लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकते हैं। इससे इन इलाकों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

## वीबी जी राम जी योजना मनरेगा से बेहतर: जय इंदर

जगदीश। नवांशहर
समर न्यूज

जिला नवांशहर के टौंसा गांव में भाजपा पंजाब महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जय इंदर कौर ने मनरेगा मजदूरों के साथ केंद्र की बीबी जी राम जी योजना के फायदों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह योजना मनरेगा से बेहतर है और इससे मजदूरों को 125 दिन काम मिलेगा। साथ ही मजदूरों का मानदेह बढ़ाया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कुछ राजनीतिक दल योजना का विरोध कर रहे हैं ताकि वे मनरेगा घोटालों से बच सकें। उन्होंने मजदूरों को योजना की विशेषताएं और लाभ विस्तार से समझाए। कार्यक्रम में जिला प्रधान राजविंदर लक्की, मंडल अध्यक्ष राम चौधरी, उपाध्यक्ष नंद किशोर, शिव शर्मा और कमल शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ट्राले से 415 पेटी अवैध शराब बरामद, तीन काबू

### बठिंडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गुजरात ले जाई जा रही थी अवैध शराब



समर न्यूज | बठिंडा

पंजाब में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बठिंडा पुलिस ने नंदगढ़ इलाके से एक ट्राले में लदी 415 पेटियां शराब बरामद की हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह शराब गुजरात में तस्करी कर बेचने के लिए ले जाई जा रही थी। पुलिस के अनुसार, ट्राले पर फर्जी नंबर प्लेटें लगी हुई थीं और शराब को दो नंबर के जरिए सप्लाई किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान ट्राले में सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि इस नेटवर्क से जुड़े चार अन्य तस्करों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लाई गई और किन-किन जगहों पर इसकी सप्लाई होनी थी। पुलिस ने साफ किया है कि शराब तस्करी में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग से धमकी, मांगी 10 करोड़ की फिरौती

समर न्यूज | जालंधर

पंजाब के मोहाली निवासी और बॉलीवुड के मशहूर सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग की ओर से जान से मारने की धमकी दी गई है। गैंग ने बी प्राक से 10 करोड़ की फिरौती मांगी है और इसके लिए एक हफ्ते का समय दिया गया है। धमकी गैंगस्टर आरजू बिश्नोई की ओर से वॉयस मैसेज के जरिए दी गई।

बी प्राक के करीबी और पंजाबी सिंगर दिलनूर बबलू ने इस मामले की शिकायत मोहाली के SSP से की, जिसके बाद सोहाना पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई है। शिकायत में बताया गया कि 5 जनवरी को एक विदेशी नंबर से लगातार दो कॉल आईं, जिन्हें रिसीव नहीं किया गया। अगले दिन आरजू बिश्नोई की कॉल आई, जिसे संदेह होने पर काट दिया गया। इसके बाद व्हाट्सएप पर भेजे गए वॉयस मैसेज में धमकी दी गई कि बी प्राक को 10 करोड़ रुपए देने होंगे। मैसेज में कहा गया कि अगर तय समय में रकम नहीं दी गई तो बड़ा नुकसान किया जाएगा। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि बी प्राक चाहे किसी भी देश में चले जाएं, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

दिलनूर ने पुलिस को बताया कि धमकी के बाद से वह घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और उन्हें तथा बी प्राक को लगातार जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सिंगर बी प्राक की सुरक्षा को लेकर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि धमकी देने वालों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## SGPC प्रमुख बादल के सिपाही बने: सीएम मान

समर न्यूज | अमृतसर/ मजीठा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कमेटी के प्रधान गुरु साहिबान के सिपाही बनने की बजाय सुखबीर सिंह बादल के सिपाही बने हुए हैं, जो पंथ के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी के मुखिया राज्य को फिर से बेअदबी और गुंडागर्दी के काले दौर में धकेलना चाहते हैं, लेकिन पंजाब के लोग उनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देंगे। शनिवार को मजीठा में 23 ग्रामीण लिंक सड़कों के नींव पत्थर रखने के बाद आयोजित राज्य स्तरीय समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में डर, "परची सिस्टम" और अकालियों की धक्केशाही का दौर पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि अकाली



दल की सत्ता में वापसी का मतलब बेअदबी, निर्दोष लोगों पर गोलीबारी और दहशत के माहौल की ओर लौटना होगा। भगवंत मान ने कहा कि अकालियों और एसजीपीसी की कार्यप्रणाली के कारण ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 लापता सरूपों की जांच के लिए एसआईटी गठित करनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य केवल सरूपों का पता लगाना है, न कि धार्मिक संस्थाओं में दखल देना। मुख्यमंत्री ने मजीठा हलके के लिए 11.32 करोड़ रुपये की लागत से 23 लिंक सड़कों के नवीनीकरण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनावों के लिए मजीठा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में तलबीर सिंह गिल के नाम का भी ऐलान किया।

### बठिंडा में बड़ी कार्रवाई

## नशे में इस्तेमाल होने वाली 3.50 लाख की गोलियां बरामद

समर न्यूज | मुक्तसर

मुक्तसर पुलिस और ड्रग कंट्रोल विभाग की संयुक्त टीम ने बठिंडा में बड़ी कार्रवाई करते हुए दवाइयां बनाने वाली एक फैक्टरी को सील कर दिया है। इस फैक्टरी से नशे के तौर पर इस्तेमाल की जा रही करीब 3 लाख 50 हजार गोलियां बरामद की गई हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि फैक्टरी में मिली इन गोलियों का कोई भी आधिकारिक रिकॉर्ड मौजूद नहीं था।

पुलिस के अनुसार, 26 नवंबर को मुक्तसर जिले के लंबी थाना क्षेत्र में एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद हुई थीं। जांच के दौरान सामने आया कि ये गोलियां बठिंडा स्थित इसी फैक्टरी में तैयार की गई थीं।

इस इनपुट के आधार पर मुक्तसर, बठिंडा और फरीदकोट के ड्रग कंट्रोल विभाग की टीमों ने पुलिस के साथ मिलकर फैक्टरी में छापा मारा। जांच के दौरान फैक्टरी परिसर से बड़ी मात्रा में गोलियां बरामद हुईं, जिनका उत्पादन और सप्लाई से जुड़ा कोई रजिस्टर या दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया।

हालांकि फैक्टरी के पास दवाइयां बनाने का लाइसेंस मौजूद है, लेकिन जिन गोलियों की अवैध तरीके से नशे के लिए बिक्री की जा रही थी, उनका कोई रिकॉर्ड नहीं होने के कारण फैक्टरी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। पुलिस और ड्रग कंट्रोल विभाग मामले की गहन जांच कर रहे हैं और यह पता लगाया जा रहा है कि इन गोलियों की सप्लाई किन-किन इलाकों में की गई थी।

## ट्रायल में देरी पर बेल का अधिकार है: पूर्व CJI

### नेशनल सिक्योरिटी कानूनों पर सवाल, बेल न देने से बना डर का माहौल

समर न्यूज | जयपुर

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (CJI) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि यदि किसी मामले में ट्रायल उचित समय पर पूरा नहीं होता, तो यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले स्पीडी ट्रायल के अधिकार का उल्लंघन है। ऐसी स्थिति में बेल देना अपवाद नहीं, बल्कि नियम होना चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान सर्वोच्च है और इसके मूल अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए चंद्रचूड़ ने नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कानूनों पर भी अहम टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे कानून 'निर्दोषता की पूर्वधारणा' की बजाय दोष को प्राथमिकता देने लगते हैं। अदालतों की जिम्मेदारी है



कि वे जांचें कि मामला वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है या नहीं, और हिरासत जरूरी तथा अनुपातिक है या नहीं। अन्यथा लोग सालों तक जेल में सड़ते रहते हैं, जो न्याय के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। उमर खालिद के मामले से जुड़े सवाल पर पूर्व CJI ने स्पष्ट किया कि वे अब जज के रूप में नहीं, बल्कि एक नागरिक के तौर पर बोल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्री-ट्रायल बेल किसी भी तरह से सजा नहीं हो सकती। अगर कोई व्यक्ति पांच से सात साल तक अंडरट्रायल कैदी के रूप में जेल में रहता है और बाद में बरी हो जाता है, तो उसके खोए हुए समय की भरपाई कैसे होगी, यह एक गंभीर सवाल है। चंद्रचूड़ ने बताया कि बेल से इनकार केवल उन्हीं मामलों में होना चाहिए, जहां आरोपी के बाहर आने से समाज को गंभीर खतरा हो, उसके फरार होने की आशंका हो या वह सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता हो।

यदि ये परिस्थितियां मौजूद नहीं हैं, तो बेल दी जानी चाहिए, भले ही कुछ शर्तें लगाई जाएं। उन्होंने हाईकोर्ट और जिला अदालतों में बेल न देने की बढ़ती प्रवृत्ति को चिंताजनक बताया। उनके अनुसार जिला अदालतें न्याय प्रणाली का पहला संपर्क बिंदु हैं, लेकिन वहां जजों में डर का माहौल है।

## मजीठा रोड पर कार ने महिला को कुचला, दो गाड़ियों से टकराई

जगदीश। अमृतसर
समर न्यूज

अमृतसर के पॉश इलाके मजीठा रोड पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने दहशत फैला दी। बेकाबू बलेनो कार चालक ने पहले पैदल जा रही एक महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद करीब 100 मीटर आगे जाकर दो कारों को जोरदार टक्कर मारी, जिससे दोनों वाहनों के एयरबैग खुल गए और गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। हादसे में शामिल आई-20 कार महज दो महीने पुरानी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी चालक की कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### 122 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

## 35 नशा पीड़ितों को इलाज के लिए किया प्रेरित

समर न्यूज | जालंधर

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू किए गए नशे के खिलाफ अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' के तहत पंजाब पुलिस ने लगातार 323वें दिन राज्यभर में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने 333 स्थानों पर छापेमारी कर 97 एफआईआर दर्ज कीं और 122 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 323 दिनों में गिरफ्तार कुल नशा तस्करों की संख्या 45,259 तक पहुंच गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 440 ग्राम हेरोइन, 340 ग्राम अफीम, 3 किलोग्राम पोस्त की भूसी, 1781 नशीली गोलियां व कैप्सूल तथा 8106 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए सभी पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं। इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन किया गया है। इस दिनभर चले अभियान में 120 से अधिक पुलिस टीमें, जिनमें 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी और 67 गजटेड अधिकारी शामिल थे, ने भाग लिया।

पुलिस ने 361 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। पंजाब सरकार नशे के उन्मूलन के लिए प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम की तीन-स्तरीय रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने 35 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित किया।

**मंजूरी** | **फेंसिंग अंतरराष्ट्रीय सीमा से 200 मीटर आगे करने को सैद्धांतिक मंजूरी, हजारों एकड़ जमीन किसानों को वापस मिलेगी**

## भारत-पाक सीमा पर आगे बढ़ेगी कांटेदार तार, किसानों को मिला बड़ी राहत

समर न्यूज | अमृतसर

पंजाब के सीमावर्ती किसानों की लंबे समय से लंबित समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। आम आदमी पार्टी के पंजाब मुख्य प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने अमृतसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी कि भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगी कांटेदार तार (फेंसिंग) को अंतरराष्ट्रीय सीमा से 200 मीटर आगे खिसकाने को केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह फैसला सीमावर्ती किसानों और स्थानीय जनता के लिए ऐतिहासिक महत्व का है, क्योंकि यह वर्षों से उनके लिए उत्पीड़न और कृषि पर रोक का कारण बना हुआ था। धालीवाल ने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर सीमावर्ती किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व के सामने यह स्पष्ट किया कि सीमा पर लगी फेंसिंग के कारण हजारों एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि किसानों की पहुंच से बाहर हो गई है। यह भूमि फेंसिंग के आगे चली जाने के कारण वर्षों से किसानों के लिए न केवल खेती का स्रोत बनी हुई थी, बल्कि उनके जीविका का मुख्य आधार भी थी। फेंसिंग के कारण सीमावर्ती किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। किसानों को केवल सीमित समय के लिए ही खेती करने की अनुमति मिलती थी। सुरक्षा कारणों से उनकी फसलों की ऊंचाई पर पाबंदी लगाई गई थी। महिलाओं के लिए हर बार सीमित और सख्त सुरक्षा जांच अनिवार्य थी। किसानों को अपने खेतों तक पहुँचने के लिए कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कुलदीप सिंह धालीवाल ने बताया कि यह एक गंभीर समस्या थी, जिसने किसानों के मनोबल को भी प्रभावित किया और स्थानीय अर्थव्यवस्था को धीमा कर दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृह मंत्रालय के समक्ष दो टूक मांग रखी कि या तो फेंसिंग के आगे की जमीन का उचित मुआवजा दिया जाए या फिर कांटेदार तार को अंतरराष्ट्रीय सीमा से 200 मीटर आगे किया जाए। केंद्र सरकार ने इस पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है। उम्मीद है कि अगले 15 दिनों के भीतर इस दिशा में काम शुरू हो जाएगा। धालीवाल ने बताया कि इस फैसले से पंजाब की करीब 532 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा के सटे क्षेत्रों में स्थित हजारों एकड़ कृषि भूमि फिर से किसानों के उपयोग में आ सकेगी। यह किसानों और स्थानीय जनता के लिए एक बड़ी राहत मानी जा रही है। सीमावर्ती इलाके की जमीन पर किसानों को खेती करने की स्वतंत्रता वापस लौटेगी। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी और किसान अपने परिवार का पालन-पोषण आसानी से कर सकेंगे।

**सीमावर्ती किसानों की दशा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में किसान दशकों से समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान से सटी इस सीमा पर फेंसिंग को लेकर विवाद लंबे समय से जारी था। फेंसिंग के कारण केवल जमीन का नुकसान नहीं हुआ, बल्कि किसानों के लिए सामाजिक और मानसिक दबाव भी बढ़ गया। सीमा पर खेती करने में भारी बाधाएं थीं। बीएसएफ द्वारा लगाई गई सख्त सुरक्षा व्यवस्था के कारण किसानों को अपने खेतों तक पहुँचने में भी कठिनाई होती थी। इसके अलावा, सीमा पर बनी कृषि भूमि के कई हिस्सों को किसानों ने वर्षों से उजाड़ा हुआ देखा, जिससे उनकी आमदनी और कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ। इतिहास में देखा जाए तो 1970 और 1980 के दशक से ही पंजाब के सीमावर्ती किसानों ने कई बार सरकार से फेंसिंग की स्थिति और भूमि की समस्याओं को उठाया। कई बार किसानों ने विरोध और प्रदर्शन किए। हालांकि, राजनीतिक दलों और प्रशासन की ओर से दी गई जिम्मेदारियों का पालन अक्सर अधूरा रह गया। किसानों के लिए यह भूमि सिर्फ आर्थिक स्रोत नहीं थी, बल्कि उनका सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत का हिस्सा भी थी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सामने रखा। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसानों की भूमि को फेंसिंग के पीछे छिपाना न्यायसंगत नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को या तो मुआवजा दिया जाए या फेंसिंग को आगे खिसकाया जाए। केंद्रीय गृहमंत्री ने इस मामले में गंभीरता दिखाई और सैद्धांतिक सहमति दे दी। धालीवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने केंद्र से स्पष्ट तौर पर कहा कि सीमावर्ती किसानों के जीवन और उनकी आजीविका से समझौता नहीं किया जा सकता। उनका यह भी कहना था कि किसानों की दशा में सुधार लाने के लिए समय-bound कार्रवाई की जानी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री की मांगों पर सहमति व्यक्त की और सीमावर्ती फेंसिंग को 200 मीटर आगे करने की प्रक्रिया शुरू करने के संकेत दिए।

सीमावर्ती किसानों और स्थानीय लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया है।

### जालंधर में पुलिस एनकाउंटर

## केसर धामी हत्याकांड के दो आरोपी घायल, गिरफ्तार

समर न्यूज | जालंधर

जालंधर के आदमपुर क्षेत्र में दो दिन पहले हुए केसर धामी हत्याकांड के दो आरोपियों को जालंधर देहात पुलिस ने सोमवार सुबह एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों की टांगों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें काबू कर सिविल अस्पताल जालंधर में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बावा भाग सिंह यूनिवर्सिटी के बाहर 22 वर्षीय केसर धामी की सिर में गोलियां मारकर हत्या की थी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे और रास्ते में डरौली कलां के पास हथियार छिपा दिए थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अल सुबह हथियार उठाने आने वाले हैं, जिसके चलते इलाके में पहले से नाकाबंदी की गई थी। एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि जैसे ही आरोपियों ने हथियार उठाकर वहां से निकलने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दोनों आरोपियों की टांगों में लगी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में एक की पहचान जस्सा के रूप में हुई है, जिस पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि दूसरे आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई दो पिस्तौल बरामद की हैं। बदमाशों की ओर से पुलिस वाहन पर चार गोलियां चलाई गईं, जबकि एक गोली पेड़ में जा लगी।

द SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3

www.summerexpress.in

19 जनवरी 2026

समर एक्सप्रेस

### विकसित भारत की दिशा में बजट 2026 से बड़ी उम्मीदें

# इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और एआई पर फोकस

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारत सरकार के 'विकसित भारत' विजन को साकार करने की दिशा में केंद्रीय बजट 2026 एक अहम पड़ाव पर आ रहा है। पिछले एक दशक में सुधारों, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग पर जोर ने देश की आर्थिक वृद्धि की मजबूत नींव रखी है। अब चुनौती दिशा बदलने की नहीं, बल्कि अब तक की उपलब्धियों को मजबूत करने, बेहतर क्रियान्वयन और निजी निवेश को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने की है। हाल के वर्षों में लगातार बढ़ता सरकारी पूंजीगत व्यय आर्थिक वृद्धि का प्रमुख आधार रहा है। सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आई है। बजट 2026 से उम्मीद है कि वह इस रफ्तार को बनाए रखते हुए प्रोजेक्ट एक्जीक्यूशन, एसेट मोनेटाइजेशन और राज्यों की क्षमता निर्माण पर खास ध्यान देगा।

***ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की तैयारी*** : *भू-राजनीतिक बदलावों और वैश्विक सप्लाई चेन में विविधता की तलाश से भारत को नए अवसर मिल रहे हैं। ऐसे में नीति निरंतरता, स्थिर कस्टम ड्यूटी, तेज़ मंजूरी प्रक्रियाएं और केंद्र-राज्य समन्वय निवेशकों का भरोसा बढ़ा सकते हैं। लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट में निवेश से मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात लागत घटाने में मदद मिलेगी।*




***मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगी मजबूती*** : *भारत की मैन्युफैक्चरिंग महत्वाकांक्षाओं में इंफ्रास्ट्रक्चर की भूमिका बेहद अहम है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजनाओं के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो कंपोनेंट्स और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। आने वाले बजट में इन योजनाओं को और परिष्कृत कर सप्लाई चेन इंटीग्रेशन, टेक्नोलॉजी अपनाने जोर दिया जा सकता है।*

#### एआई और टेक्नोलॉजी पर भी नजर

*बजट 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका भी अहम हो सकती है। एआई अब इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल सेक्टर में डिज़ाइन, ऑपरेशंस, मेंटेनेंस और सप्लाई चेन प्लानिंग को अधिक कुशल बना रहा है। डिजिटल अपनाने के लिए प्रोत्साहन, डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और स्किलिंग प्रोग्राम इस बदलाव को गति दे सकते हैं। तेज इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार के लिए तकनीकी और डिजिटल कौशल से लैस वर्कफोर्स जरूरी है। बजट में स्किल इंडिया जैसी पहलों को आगे बढ़ाते हुए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, अप्रेंटिसशिप और निरंतर अपस्किलिंग को मजबूत किया जा सकता है।*

#### निवेशकों के लिए नीति स्थिरता अहम

*निवेशकों की नजर में नीति स्थिरता और वित्तीय अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण रहेंगे। PwC की 28वीं एनुअल ग्लोबल CEO सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय CEOs देश की आर्थिक वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं। इस भरोसे को बनाए रखने के लिए बजट 2026 को विकासोन्मुख खर्च और राजकोषीय संतुलन के बीच संतुलन साधना होगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट 2026 सिर्फ आंकड़ों का दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि यह भारत की वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत देगा।*

### एआई टैलेंट की भारी कमी

## सिस्को के टॉप एग्जीक्यूटिव खुद कर रहे उम्मीदवारों को फोन




**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग से जुड़े पदों पर योग्य प्रोफेशनल्स की भारी कमी सामने आ रही है। सिस्को की चीफ पीपल ऑफिसर केली जोन्स के अनुसार, ये भूमिकाएं इस समय पूरी इंडस्ट्री में सबसे कठिन मानी जा रही हैं। केली जोन्स ने बिजनेस इनसाइडर को बताया कि क्वालिफाइड टैलेंट का दायरा बेहद छोटा है और मांग अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि लगभग हर दूरदर्शी कंपनी एक ही सीमित टैलेंट पूल के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही है चाहे वह प्रोडक्ट डेवलपमेंट हो या इंटरनल आईटी ऑपरेशंस।

एआई टैलेंट को आकर्षित करने के लिए सिस्को ने एक अनोखी रणनीति अपनाई है। कंपनी के टॉप एग्जीक्यूटिव्स खुद उम्मीदवारों से फोन पर बात कर रहे हैं। केली जोन्स के मुताबिक, सिस्को के प्रेसिडेंट और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर जीतू पटेल व्यक्तिगत रूप से हाई-प्रायोरिटी कैंडिडेट्स को कॉल करते हैं। उनका कहना है कि कई कंपनियां सिर्फ "AI का दिखावा" कर रही हैं, जबकि सिस्को वास्तव में काम और प्रोडक्ट्स में AI का सार्थक उपयोग कर रहा है। यह डायरेक्ट बातचीत उम्मीदवारों को कंपनी की वास्तविक AI रणनीति समझने में मदद करती है। इसी तरह के प्रयास अन्य टेक दिग्गज भी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग कुछ संभावित उम्मीदवारों को अपने घर डिनर पर बुलाते हैं, जबकि ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी खुद उम्मीदवारों को कॉल करते हैं।

#### एआई से बदली एंट्री-लेवल नौकरियों की तस्वीर

हालांकि AI और ML से जुड़े पदों की संख्या सीमित है, लेकिन एआई ने सिस्को में एंट्री-लेवल नौकरियों का स्वरूप बदल दिया है। कंपनी ने लेवल-वन कस्टमर सपोर्ट की भूमिकाएं समाप्त कर दी हैं, क्योंकि एक एआई असिस्टेंट 2022 से अब तक 10 लाख से अधिक केस संभाल चुका है। इसके बावजूद, नौकरियां कम नहीं हुईं। पहले लेवल-वन सपोर्ट में काम करने वाले कर्मचारियों को लेवल-टू भूमिकाओं में शिफ्ट किया गया है। इसके चलते सिस्को ने अपना ऑनबोर्डिंग प्रोसेस भी पूरी तरह से नया डिजाइन किया है, ताकि नए कर्मचारी ज्यादा जटिल समस्याओं को संभाल सकें, जहां मानव समझ जरूरी होती है।

- **कर्मचारियों का समय बचाने में भी एआई :** फॉर्च्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सिस्को एआई का इस्तेमाल सिर्फ लागत घटाने के लिए नहीं, बल्कि कर्मचारियों का समय बचाने के लिए कर रहा है। कंपनी ने HR से जुड़े सवालों के जवाब देने और एडमिनिस्ट्रेटिव कामों को ऑटोमेट करने के लिए एआई एजेंट्स तैनात किए हैं। इससे सिस्को के करीब 86,000 कर्मचारियों का लगभग 5 प्रतिशत समय बच सकता है।
- **स्किल से ज्यादा सोच और नेतृत्व पर जोर :** AI और ML पदों के लिए सिस्को केवल तकनीकी कौशल नहीं देखता। केली जोन्स के अनुसार, बौद्धिक जिज्ञासा, भावनात्मक समझ और नेतृत्व क्षमता भी उतनी ही अहम हैं।

# अंतरिक्ष में मिला लोहे का विशाल बार

### रिंग नेबुला में वैज्ञानिकों की चौंकाने वाली खोज, प्लूटो की कक्षा से 500 गुना बड़ा लोहे का ढांचा

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में लोहे के परमाणुओं से बनी एक असामान्य, बार-आकार की विशाल संरचना की खोज की है, जो भविष्य में पृथ्वी के हालात को समझने में अहम सुराग दे सकती है। यह संरचना रिंग नेबुला के भीतर पाई गई है, जो एक रंग-बिरंगा गैसीय बादल है और तब बनता है जब सूर्य जैसे किसी तारे के अंतिम चरण में उसकी बाहरी परतें अंतरिक्ष में फैल जाती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, यह लोहे का 'बार' प्लूटो की कक्षा से करीब 500 गुना बड़ा है और पृथ्वी से लगभग 2,283 प्रकाश-वर्ष की दूरी पर स्थित है। इस खोज को कार्डिफ यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने एक नए



टेलीस्कोप उपकरण WHT एन्हैंस्ड एरिया वेलोसिटी एक्सप्लोरर की मदद से अंजाम दिया। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस लोहे के बार के बनने की प्रक्रिया अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। एक संभावना यह है कि यह संरचना उस समय बनी हो, जब मूल तारा अपने जीवन के अंतिम चरण में ढह रहा था। दूसरी संभावना यह भी जताई जा रही है कि यह अंतरिक्ष प्लाज्मा हो सकता है, जो किसी नष्ट हो चुके चट्टानी ग्रह के अवशेष के रूप में तारे के फैलने के बाद वहां मौजूद रह गया हो। अगर यह सिद्धांत सही साबित होता है, तो यह खोज पृथ्वी के दूर भविष्य के बारे में भी संकेत दे सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, अरबों वर्षों बाद सूर्य भी अपनी बाहरी परतें बाहर फेंकेगा और संभव है कि पृथ्वी भी उसकी चपेट में आ जाए।

#### नई तकनीक से दिखी अनदेखी तस्वीर

इस शोध के प्रमुख लेखक डॉ. रोजर वेसन ने कहा कि रिंग नेबुला का पहले भी कई उपकरणों से अध्ययन किया गया है, लेकिन Weave ने इसे एक नए और बेहद विस्तृत नजरिए से देखने का मौका दिया। उन्होंने बताया कि पूरे नेबुला का स्पेक्ट्रम एक साथ लेने से किसी भी तरंगदैर्घ्य पर चित्र बनाए जा सकते हैं और किसी भी स्थान की रासायनिक संरचना जानी जा सकती है। डेटा प्रोसेस करने के बाद वैज्ञानिकों को रिंग के बीचों-बीच आयोनाइज्ड लोहे के अणुओं का एक अब तक अज्ञात बार साफ तौर पर नजर आया।

#### आगे होंगे और अध्ययन

इस अध्ययन की सह-लेखक प्रोफेसर जेनेट डू ने कहा कि टीम को और जानकारी जुटाने की जरूरत है, खासकर यह जानने के लिए कि क्या लोहे के साथ-साथ अन्य रासायनिक तत्व भी मौजूद हैं। इससे इस संरचना के बनने के सही मॉडल को समझने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार, Weave उपकरण अगले पांच वर्षों में आठ बड़े सर्वे करेगा, जिनमें पास के व्हाइट ड्वार्फ तारों से लेकर दूरस्थ आकाशगंगाओं तक का अध्ययन शामिल होगा। डॉ. वेसन ने कहा कि यह हैरानी की बात होगी अगर लोहे का यह बार सिर्फ रिंग नेबुला तक ही सीमित निकले। यह खोज न केवल अंतरिक्ष विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण है।

## मारुति सुजुकी गुजरात में लगाएगी नया प्लांट

**समर न्यूज़ | गांधीनगर**

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी गुजरात में अपनी मौजूदगी और मजबूत करने जा रही है। कंपनी ने गांधीनगर जिले के खोराज में नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार के साथ 35,000 करोड़ रुपये के निवेश का करार किया है। शनिवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और मारुति सुजुकी के एमडी हिताशी ताकेयुची की मौजूदगी में निवेश पत्र सौंपा गया। करीब 1,750 एकड़ में बनने वाले इस प्लांट की सालाना उत्पादन क्षमता 10 लाख कारों की होगी। इससे राज्य में लगभग 12,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना गुजरात को ऑटोमोबाइल हब के रूप में और सशक्त करेगी तथा 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई गति देगी।

### ओपनएआई ने लॉन्च किया चैटजीपीटी

# गूगल ट्रांसलेट को मिलेगी कड़ी टक्कर

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

ओपनएआई ने नया एआई-पावर्ड ट्रांसलेशन टूल ChatGPT Translate लॉन्च कर दिया है। खास बात यह है कि इसे इस्तेमाल करने के लिए न तो लॉग-इन की जरूरत है और न ही कोई सब्सक्रिप्शन। यूजर्स इसे सीधे इस्तेमाल कर 50 से अधिक भाषाओं में मुफ्त में ट्रांसलेशन कर सकते हैं। कंपनी का दावा है कि यह टूल सिर्फ शब्दों का अनुवाद नहीं करता, बल्कि वाक्य के भाव, टोन और संदर्भ को भी समझता है, साथ ही मुहावरों का अर्थ भी स्पष्ट कर सकता है। हालांकि, चैटजीपीटी में पहले से ट्रांसलेशन सुविधा मौजूद थी, लेकिन अब इसके लिए एक अलग




वेब प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है, जिसका इंटरफेस काफी हद तक गूगल ट्रांसलेट जैसा है। यूजर्स सीधे chatgpt.com/translate पर जाकर टेक्स्ट डाल सकते हैं और तुरंत अनुवाद प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट पर दो बड़े बॉक्स दिए गए हैं—एक में टेक्स्ट डालें और दूसरे में उसका अनुवाद देखें। नए टूल में ट्रांसलेशन की टोन बदलने का विकल्प भी है। यूजर्स बोलचाल की भाषा, प्रोफेशनल या फॉर्मल टोन और बच्चों के लिए आसान भाषा में अनुवाद चुन सकते हैं। इसके अलावा, फोटो अपलोड करके होटल मेन्यू या साइनबोर्ड का अर्थ समझने और ग्रामर सुधारने की सुविधा भी दी गई है। हालांकि, अभी यह टूल PDF अपलोड, रियल-टाइम वॉयस इनपुट और लाइव ट्रांसलेशन जैसी सुविधाओं का समर्थन नहीं करता, जबकि गूगल ट्रांसलेट में ये मौजूद हैं और हाल ही में उसने जेमिनी एआई के साथ लाइव स्पीच-टू-स्पीच फीचर भी पेश किया है। ChatGPT Translate की एक विशेषता यह है कि यूजर्स अनुवाद के बाद फॉलो-अप सवाल पूछ सकते हैं, जिससे भाषा सीखने वालों को शब्दों के सही उपयोग और अर्थ को बेहतर समझने में मदद मिलती है।

# ताइवान ने भारत को बताया लाइक-माइंडेड पार्टनर

### इंडो-पैसिफिक में भारत-ताइवान की बढ़ती नजदीकी, चीन की बढ़ी चिंता

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

ताइवान के विदेश मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ फॉरेन अफेयर्स, आरओसी) ने पहली बार सार्वजनिक रूप से भारत का आभार जताते हुए उसे "लाइक-माइंडेड पार्टनर" करार दिया है। ताइवान ने कहा कि भारत ने उसके आसपास चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर खुलकर चिंता जताई, जिसे वह एक साहसिक और अहम कूटनीतिक कदम मानता है। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक हलकों में इसे चीन के लिए सीधा संकेत माना जा रहा है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि भारत और ताइवान अब समान सोच के साथ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति



और स्थिरता के पक्ष में खड़े हैं। भारत ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा ताइवान के आसपास की जा रही सैन्य एक्सरसाइज, फाइटर जेट्स की घुसपैठ और नेवल ड्रिल पर चिंता जताते हुए स्पष्ट कहा कि ताइवान स्ट्रेट में शांति बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसी बयान पर ताइवान ने भारत का खुले तौर पर धन्यवाद किया।

पिछले कुछ वर्षों में चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य दबाव लगातार बढ़ाया है। बड़े पैमाने पर नेवल ड्रिल, मिसाइल मूवमेंट और संभावित ब्लॉकेड जैसी गतिविधियों से बीजिंग यह संदेश देता रहा है कि वह ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। लेकिन इस बार भारत ने चुप्पी नहीं साधी और सैन्य उकसावेबाजी के खिलाफ साफ रुख अपनाया, जो ताइवान के लिए निर्णायक साबित हुआ। कूटनीति में लाइक-माइंडेड पार्टनर शब्द का विशेष महत्व है। इसका अर्थ लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता और संप्रभुता के सम्मान से जुड़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह संकेत है कि ताइवान अब भारत को केवल आर्थिक या व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि रणनीतिक सहयोगी के रूप में देख रहा है। गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन रिश्तों में आई तल्खी के बीच भारत का यह मुखर रुख अहम माना जा रहा है। क्वाड और एक्ट ईस्ट पॉलिसी के जरिए इंडो-पैसिफिक में भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। वहीं, ताइवान से सेमीकंडक्टर, टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन सहयोग भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ताइवान द्वारा भारत का खुला समर्थन चीन की 'वन चाइना' नैरेटिव को कमजोर करता है। कुल मिलाकर, यह घटनाक्रम इंडो-पैसिफिक में एक नए रणनीतिक समीकरण की ओर इशारा करता है।

## Good DAY

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



सुप्रभात! आज का दिन आपके लिए खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा से भरा हो, यही मेरी कामना है। हर सुबह एक नई शुरुआत लेकर आती है, और यही मौका है अपने सपनों को सच करने का। बीती गलतियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर, इस दिन को पूरी तत्परता और उमंग के साथ जियो। जीवन में छोटे-छोटे सुख और खुशियाँ ही हमें असली संतोष और मानसिक शांति देते हैं। अपने परिवार, दोस्तों और सहयोगियों के साथ अच्छे पल साझा करें, क्योंकि यही रिश्ते हमारे जीवन को सुंदर बनाते हैं। आज का दिन आपको नए अवसरों और प्रेरणा से भर दे। जो भी कार्य आप आज शुरू करें, उसमें सफलता और समृद्धि आपके कदम चूमे। याद रखें, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास हर मुश्किल को आसान बना सकते हैं। हर चुनौती में सीखने और आगे बढ़ने की ताकत छिपी होती है। मुस्कुराइए, दूसरों को भी खुशियां बांटिए, और अपने दिल को शांति और प्यार से भरिए। आइए इस दिन को आनंद और उत्साह के साथ शुरू करें। आपका आज का दिन शानदार, यादगार और फलदायक हो।

**नैंसी चावला मेकअप आर्टिस्ट**

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | लकड़ी की गाड़ी और फटे कपड़ों के पीछे छिपी करोड़ों की कमाई, मांगीलाल का राज उजागर

# इंदौर में भीख मांगने वाला निकला करोड़ों की संपत्ति का मालिक

**समर न्यूज़ | इंदौर**

इंदौर में भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने एक ऐसे भिक्षुक का रेस्क्यू किया, जिसने सभी को चौंका दिया। वर्षों से सराफा क्षेत्र में भीख मांगने वाला मांगीलाल हकीकत में करोड़ों रुपये की संपत्ति का मालिक निकला। जांच में सामने आया कि वह न केवल भीख से कमाई करता था, बल्कि व्यापारियों को ब्याज पर पैसे भी देता था।

लकड़ी की फिसलने वाली गाड़ी, पीठ पर बैग और हाथ में जूते के सहारे सराफा बाजार की सड़कों पर घूम-घूमकर भीख मांगने वाला मांगीलाल लोगों की सहानुभूति का फायदा उठाता था। पूछताछ में उसने बताया कि रोजाना उसे 500 से 1000 रुपये भीख में मिल जाते थे, जबकि अधिकारियों के अनुसार उसकी वास्तविक कमाई इससे कहीं अधिक होने की संभावना है। भिक्षावृत्ति से मिले रुपये वह सराफा क्षेत्र के कुछ व्यापारियों को ब्याज पर देता था।



#### तीन पक्के मकान और वाहन

*जांच में सामने आया कि मांगीलाल के पास शहर के अलग-अलग इलाकों में तीन पक्के मकान हैं। इनमें भगत सिंह नगर में 16×45 फीट का तीन मंजिला मकान, शिवनगर में 600 वर्गफीट का दूसरा मकान और अलवास में 10×20 फीट का एक बीएचके मकान शामिल है। अलवास का मकान शासन द्वारा रेड क्रॉस की सहायता से दिव्यांगता के आधार पर दिया गया था। इसके अलावा उसके पास तीन ऑटो हैं, जिन्हें वह किराए पर चलवाता है, और एक डिजायर कार भी है, जिसके लिए ड्राइवर रखा गया है।*

#### सराफा से किया गया रेस्क्यू

*इंदौर को भिक्षुक मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में सराफा क्षेत्र से भिक्षावृत्ति की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद रेस्क्यू दल ने मांगीलाल को पकड़ा। रेस्क्यू दल के नोडल अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में मांगीलाल ने अपनी संपत्ति की जानकारी दी।*

#### रोजाना के हिसाब से लेता था ब्याज

*मांगीलाल ने बताया कि उसने सराफा क्षेत्र में कई लोगों को पैसे ब्याज पर दिए हैं। वह एक दिन और एक सप्ताह के हिसाब से ब्याज पर रुपये देता था और रोजाना ब्याज वसूलने के लिए सराफा आता था।*

#### आगे भी होगी कार्रवाई

*जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा ने बताया कि इंदौर में भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। सराफा क्षेत्र से मांगीलाल का रेस्क्यू कर उसके पास मकान, वाहन और ब्याज पर रुपये देने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में भिक्षावृत्ति करने वालों और इसे बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सामने आने के बाद भिक्षावृत्ति की आड़ में चल रहे संगठित आर्थिक खेल पर प्रशासन की सख्ती और तेज होने की संभावना है।*

# केएमपी एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसा; 2 लोगों की जलकर मौत, 5 वाहन आपस में टकराए

**समर न्यूज़ | नूंह**



ट्रेलर में लगी आग को बुझाते फायरकर्मी। - समर न्यूज़

हरियाणा के नूंह जिले में रविवार सुबह (कुंडली-मानेसर-पलवल) एक्सप्रेसवे पर एक भयंकर सड़क हादसा हुआ, जिसमें 2 लोगों की दर्दनाक रूप से जलकर मौत हो गई और 5 वाहन आपस में टकरा गए। घटना थाना मोहम्मदपुर अहीर क्षेत्र के गांव सबरस के पास हुई। सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 8:30 बजे दो ट्रेलर अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे से आ रहे एक कंटेनर और दो अन्य ट्रकों में टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर हाई स्पीड पर थे और अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रहे वाहन ड्राइवर को बचाव का मौका नहीं मिला। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खनन सामग्री से भरा ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर के बाद दोनों ट्रेलरों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि ट्रेलरों और उनके पास मौजूद कैंटर के केबिन में फंसे ड्राइवर और उसके साथी बाहर नहीं निकल सके। दमकल और पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक वे पूरी तरह जल चुके थे। मृतकों की पहचान 30 वर्षीय राकेश निवासी नीमका, सीकर (राजस्थान) और देशराज के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन और हाइड्रा मशीनों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया, लेकिन इस बीच एक्सप्रेसवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। यात्रियों को घंटों तक अपनी गाड़ियों में फंसे रहना पड़ा।

पुलिस के अनुसार, दोनों ट्रेलरों के चालक हादसे के तुरंत बाद फरार हो गए। उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में हादसे के संभावित कारणों में अचानक ब्रेक लगाना, ओवरलोडिंग और लेन बदलना शामिल हैं। कंटेनर में परचून का सामान भरा हुआ था, जो टक्कर के समय और नुकसान बढ़ाने का कारण बना। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों की लापरवाही और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना का नजारा पेश करता है। पुलिस ने हादसे की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की बात कही है। इस दर्दनाक हादसे ने न केवल परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है, बल्कि एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी गंभीर चेतावनी का संदेश दिया है।

### अंबाला कैंट में सर्राफा चोरी केस का खुलासा

# अंतरराज्यीय गिरोह के पांच आरोपी हुए गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | अंबाला**



जानकारी देती पुलिस। - समर न्यूज़

अंबाला कैंट में 18 दिसंबर को सर्राफा व्यापारी की दुकान में हुई सोना-चांदी की चोरी के मामले में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी झुग्गी-झोपड़ी बनाकर अलग-अलग इलाकों में रहते थे और भीख मांगने व छोटे-मोटे सामान बेचने की आड़ में बाजारों की रेकी करते थे। मौका मिलते ही ये गिरोह चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 8 किलो चांदी बरामद की है। शेष चोरी गए सोना-चांदी और अन्य सामान की बरामदगी को लेकर पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

पुलिस टीम सभी आरोपियों को उस बाजार में लेकर पहुंची, जहां सर्राफा दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले के खुलासे में उत्तर प्रदेश की एसओजी की अहम भूमिका रही। जांच के दौरान 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसके बाद आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और इससे पहले की गई वारदातों को लेकर भी जांच जारी है।

# चलती कार में युवती से गैंगरेप मामले में आरोपी गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | सोनीपत**

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ चलती कार में गैंगरेप के मामले में पुलिस ने सुमित नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता आईटीआई चौक पर अपने गांव जाने के लिए खड़ी थी, तभी गांव के ही तीन युवक कार लेकर पहुंचे और उसे गांव छोड़ने का झांसा देकर कार में बैठा लिया। रास्ते में युवकों ने शराब खरीदी और पीड़िता को जबरन पिलाई, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती की शिकायत पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसीपी निधि नैन ने बताया कि फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है और विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# पड़ोसी की हरकतों पर टोका तो देर रात आगजनी और तोड़फोड़

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

शहर के एक रिहायशी इलाके में पड़ोसी को घर में लड़की लाने और शराब पीने से मना करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि गुस्साए पड़ोसी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर देर रात डीजल डालकर एक स्कूटी और एक बाइक को आग के हवाले कर दिया, जबकि पास में खड़ी एक पिकअप गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। पीड़ित परिवार के अनुसार, घटना देर रात की है। घर में सो रहा परिवार शोर और आगजनी की आवाज सुनकर जागा तो उनके होश उड़ गए। बाहर निकलने पर उन्होंने कुछ युवकों को भागते हुए देखा, जिनमें उनका पड़ोसी मनीष भी शामिल था। आरोप है कि भागते समय मनीष ने परिवार को धमकाते हुए कहा कि यह तो ट्रेलर है, फिल्म अभी बाकी है। परिवार ने बताया कि मनीष आए दिन शराब पीता है और नशे की हालत में लड़कियों को घर लाता है, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा था। अच्छे पड़ोसी होने के नाते जब उसे इस तरह की गतिविधियां बंद करने के लिए समझाया गया, तो उसने रंजिश रख ली। इसी रंजिश के चलते मनीष ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद डरे-सहमे परिवार ने सुबह करीब साढ़े चार बजे संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें मनीष और उसके साथियों से जान का खतरा है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 18 मामलों में वांछित, अवैध पिस्टल और बाइक बरामद

# पुलिस-बदमाश में मुठभेड़; कुख्यात अपराधी अंकित घायल

**समर न्यूज़ | सोनीपत**



पुलिस घायल को अस्पताल लेकर जाती हुई। - समर न्यूज़

हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखौदा क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस और एक कुख्यात बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में बदमाश घायल हो गया, जिसे पुलिस ने मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपी के दोनों पैरों में गोलियां लगी हैं और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान सोनीपत के रिढाऊ गांव निवासी अंकित रिढाऊ के रूप में हुई है। उस पर हत्या की कोशिश, लूट सहित कुल 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। लंबे समय से वह पुलिस की रडार पर था। सीआईए-1 टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी अंकित रिढाऊ गांव सोहटी के पास आईएमटी मोड़ क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही सीआईए-1 टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने खुद को घिरा पाया और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन उसने सरेंडर नहीं किया। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

**हथियार और बाइक बरामद**

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल और एक बाइक बरामद की है। घायल अवस्था में उसे तुरंत खरखौदा अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इलाके को पहले से सील कर दिया गया था, जिससे किसी आम नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। सीआईए-1 के इंचार्ज बीर सिंह ने बताया कि अंकित रिढाऊ वर्ष 2021 में एनएच-44 स्थित सोनीपत-भिगान टोल प्लाजा पर हुई फायरिंग और लूट की घटना में मुख्य आरोपी रहा है। उस समय टोल प्लाजा मैनेजर पंजाब के होशियारपुर निवासी दीदार सिंह थे, जो इस मामले के गवाह भी हैं।

**गवाह को धमकाने का भी आरोप :** पुलिस के अनुसार, इसी केस की सुनवाई के दौरान करीब दो सप्ताह पहले दीदार सिंह ओडिशा से सोनीपत कोर्ट में गवाही देने आ रहे थे। मुरथल टोल के पास शनि मंदिर के नजदीक ऑटो से उतारकर अंकित के साथियों ने उन्हें लाठी-डंडों और सरियों से बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी थी। इस हमले में दीदार सिंह के दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी घटना के बाद अंकित रिढाऊ पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# समसपुर गांव में मंदिर के पुजारी की नियुक्ति को लेकर हिंसा

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

समसपुर गांव में मंदिर के पुजारी की नियुक्ति को लेकर चल रहे विवाद रविवार को हिंसक झड़प में बदल गए। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट हुई, जिसमें महिलाएं समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और सुर्खियों में आ गया। जानकारी के अनुसार, गांव के मंदिर में पुजारी की नियुक्ति को लेकर दोनों पक्ष लंबे समय से मतभेद में थे। रविवार को विवाद बढ़ते-बढ़ते आमने-सामने की झड़प में बदल गया। आरोप है कि एक पक्ष ने अचानक हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर सेक्टर-50 थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक स्थिति बिगड़ चुकी थी। बीच-बचाव के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आईं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले में 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वायरल वीडियो और घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच जारी है और किसी भी संलिप्त पुलिसकर्मी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

### ब्रेक लगते ही हुआ बड़ा हादसा, ट्रक से टकराया डंपर, हाइड्रा क्रेन से चला रेस्क्यू ऑपरेशन

# तेज रफ्तार डंपर ट्रक से टकराया, चालक-क्लीनर घायल

**समर न्यूज़ | करनाल**



हादसे में क्षतिग्रस्त डंपर। - समर न्यूज़

करनाल जिले में समाना बाहू के पास नेशनल हाईवे पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें चालक व क्लीनर फंस गए। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, डंपर चंडीगढ़ से दिल्ली की ओर जा रहा था। समाना बाहू के पास अचानक आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दिए। पीछे से तेज गति में आ रहा डंपर समय रहते रुक नहीं सका और सीधे ट्रक में जा घुसा।

टक्कर के बाद डंपर का केबिन बुरी तरह चकनाचूर हो गया, जिससे चालक और क्लीनर अंदर ही फंस गए और बाहर नहीं निकल पाए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन केबिन का मेटल काफी मजबूत होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हाइड्रा क्रेन मंगवाई गई।

पुलिस ने हाइड्रा क्रेन की मदद से डंपर के केबिन को खींचकर सीधा किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक और क्लीनर को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों को एंबुलेंस के जरिए करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि क्लीनर को ज्यादा चोटें आई हैं।

मौके पर मौजूद राहगीरों विकास, योगेंद्र और प्रदीप ने बताया कि हादसे का मंजर बेहद भयावह था। केबिन में फंसे लोगों को निकालना बहुत मुश्किल था और रेस्क्यू में काफी समय लगा। पुलिस ने हादसे के बाद क्षतिग्रस्त डंपर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टिकट को लेकर पंचकूला में रोडवेज कंडक्टर से मारपीट

**समर न्यूज़ | पंचकूला**



घायल कंडक्टर की फोटो। - समर न्यूज़

हरियाणा रोडवेज की चरखी दादरी डिपो की बस पर तैनात कंडक्टर के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। यह घटना पंचकूला के कालका थाना क्षेत्र में हुई, जहां बस टिकट को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेंद्रगढ़ जिले के कांटी गांव निवासी गंजेंद्र यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले एक वर्ष से चरखी दादरी डिपो में बतौर कंडक्टर कार्यरत है। उसकी ड्यूटी चरखी दादरी से पंचकूला के कालका रूट पर चलने वाली रोडवेज बस पर थी। बस चंडीगढ़ सेक्टर-17 होते हुए मनीमाजरा (हाउसिंग बोर्ड) से सवारियां लेकर आगे बढ़ी थी। अधिक भीड़ होने के कारण बस ओल्ड पंचकूला पहुंच गई। गंजेंद्र के अनुसार, उसने बस में आवाज लगाकर मनीमाजरा से चढ़े यात्रियों से टिकट लेने को कहा। इसी दौरान एक युवक टिकट को लेकर उससे बहस और गाली-गलौज करने लगा। जब बस को मिल चुंगी पर सवारियां उतारने के लिए रोका गया, तो उक्त युवक ने अपने 10–12 दोस्तों को बुला लिया। सभी आरोपियों ने कंडक्टर के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में कंडक्टर को चोटें आई हैं।

# पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की गाड़ी हादसे का शिकार

**समर न्यूज़ | नूंह**

जिले में दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा रिठठ गांव के पास हुआ, जिसमें दिल्ली नंबर की एर्टिगा गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि पास से गुजर रही एक अन्य गाड़ी का इंजन बाहर निकल आया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे पीछे चल रही वैगनआर ट्रक से टकरा गई और इसके बाद काफिले की गाड़ी भी चपेट में आ गई। पुलिस के अनुसार, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हरियाणा में ऊर्जा क्षेत्र को मिलेगी नई गति

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



ऊर्जा मंत्री अनिल विज से भेंट करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल। - समर न्यूज़

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा के ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में विद्युत उत्पादन और वितरण प्रणाली को और सुदृढ़ करने, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने जैसे अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने पर भी चर्चा हुई, ताकि आम जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक और रचनात्मक संवाद हुआ।

ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और तकनीकी अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस बैठक को काफी उपयोगी बताया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से न केवल ऊर्जा क्षेत्र में सुधार होगा, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का भी तेजी से विकास होगा। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में चल रहे ऊर्जा विकास प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि हरियाणा में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को नई गति मिलेगी, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

**खुशी के पल** | गरीबी से खुशहाली तक का सफर, लॉटरी जीतने के बाद पृथ्वी सिंह बोले, अब शुरू करूंगा अपना खुद का काम

# पृथ्वी सिंह की किस्मत चमकी, लॉटरी में जीते 10 करोड़ रुपये

**समर न्यूज़ | सिरसा**



लॉटरी जीतने के बाद खुशी जाहिर करता हुआ परिवार। - समर न्यूज़

रानियां क्षेत्र के मोहम्मदपुरिया गांव निवासी पृथ्वी सिंह ने पंजाब स्टेट डियर लॉटरी (लोहड़ी मकर संक्रांति बंपर 2026) का पहला इनाम जीतकर 10 करोड़ रुपये की लॉटरी अपने नाम की है। पेशे से ड्राइवर और मजदूरी करने वाले पृथ्वी सिंह की इस जीत ने पूरे इलाके को हैरान कर दिया है। लॉटरी जीतने की खबर मिलते ही पृथ्वी सिंह के घर खुशी का माहौल बन गया। परिवार और गांव के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया और नोटों की माला पहनाकर बधाइयां दीं। बधाई देने वालों का घर पर तांता लगा हुआ है। पृथ्वी सिंह दो बच्चों के पिता हैं। उनके परिवार में पत्नी सुमन, बेटी रितिका, 6 वर्षीय बेटा दक्ष और पिता देवीलाल शामिल हैं। पत्नी सुमन पास के ही एक स्कूल में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं। पृथ्वी सिंह मजदूरी के साथ-साथ ड्राइवरी का काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। पृथ्वी सिंह ने बताया कि उन्होंने किलियांवाली मंडी के टिकट विक्रेता मदन लाल से लॉटरी टिकट खरीदा था। उन्होंने कुल तीन टिकट खरीदे थे 500 रुपये, 200 रुपये और 100 रुपये के। इनमें से 500 रुपये वाला टिकट (नंबर 327706) विजेता निकला। मदन लाल ने फोन कर उन्हें लॉटरी निकलने की सूचना दी, जिसके बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पृथ्वी सिंह ने कहा कि वह इस राशि से अपना खुद का काम शुरू करेंगे ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। वहीं उनके बेटे दक्ष की मासूम खुशी ने सभी का दिल जीत लिया। दक्ष ने कहा कि अब पापा को 10 करोड़ मिले हैं, हम थार गाड़ी लेंगे। टिकट विक्रेता मदन लाल ने बताया कि इनाम की राशि पर करीब 30 प्रतिशत टैक्स कटेगा। जरूरी दस्तावेज जमा करने के बाद पृथ्वी सिंह को करीब 7 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। परिवार ने इसे भगवान का आशीर्वाद बताया और कहा कि मेहनत के साथ किस्मत ने भी अब उनका साथ दिया है।

# चिट्टे की गिरफ्त में फिर फिसलते युवा, नशे की लत से जंग जारी

## मंडी के आदर्श नशा निवारण केंद्र में हर साल 5-6% युवाओं को दोबारा इलाज की जरूरत

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

चिट्टे जैसे जानलेवा नशे को छोड़ने का साहस दिखाने वाले युवा इसे छोड़ने के बाद फिर से इसकी जद में आ रहे हैं। मंडी में स्थापित प्रदेश के पहले और इकलौते सरकारी आदर्श नशा निवारण एवं पुर्नवास केंद्र में हर वर्ष 5 से 6 फीसदी युवाओं को वापिस ईलाज के लिए आना पड़ रहा है। सरकारों से लेकर आमजन तक इन दिनों चिट्टे जैसे घातक और जानलेवा नशे से चिंतित है। युवाओं को चिट्टे और अन्य नशों के चंगुल से बाहर निकालने के लिए मंडी शहर के साथ लगते रघुनाथ का पधर में प्रदेश का पहला और इकलौता सरकारी क्षेत्र का आदर्श नशा निवारण व पुर्नवास केंद्र स्थापित किया गया है। 03 सितंबर 2021 से लेकर आज तक यहां से 311 लोग नशे की लत को छोड़कर जिंदगी की नई राह पर चलने के लिए अग्रसर हुए हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो यहां से उपचार लेने के बाद फिर से इसकी जद में आ रहे हैं। खासकर वे युवा जो चिट्टे के आदि हैं। आदर्श नशा निवारण व पुर्नवास केंद्र में तैनात डाक्टर दुष्यंत ठाकुर बताते हैं कि हर वर्ष 5 से 6 प्रतिशत युवा ऐसे हैं जो उपचार के दौरान नशे की लत को छोड़ने के बाद फिर से इसके चंगुल में फंस रहे हैं। हालांकि इसमें शराब की लत से जुड़े लोग भी हैं लेकिन वे युवा ज्यादा संख्या में हैं जो चिट्टे के चंगुल में फंसे हैं। डाक्टर दुष्यंत के अनुसार इसमें अधिकतर गलती अभिभावकों की है। क्योंकि कुछ अभिभावक उपचार के बीच में अपने बच्चे को ले जाते हैं जबकि कुछ उसे फिर से उसी माहौल में ले जा रहे हैं जहां वो नशे का आदि बना था। चिट्टे के आदि को इससे बाहर निकालना किसी चुनौती से कम नहीं डाक्टर दुष्यंत बताते हैं कि आज चिट्टा एक ऐसा जहरीला नशा बन चुका है जिसके आदि को इसके चंगुल से बाहर निकालना किसी चुनौती से कम नहीं है। उपचार के दौरान ऐसे युवाओं को बाहर निकालने के बहुत से जटिल उपाय करने पड़ रहें। अभिभावकों को चाहिए कि वे यहां से अपने बच्चों

**मंडी में पूरी तरह से निशुल्क है उपचार**
जोनल हास्पिटल मंडी के एमएस डा. दिनेश ठाकुर ने बताया कि मंडी में सरकारी क्षेत्र का आदर्श नशा निवारण एवं पुर्नवास केंद्र है। यहां पर नशे के आदि लोगों का उपचार पूरी तरह से निशुल्क किया जाता है। उन्होंने लोगों और खासकर नशे के आदि युवाओं से अपील की है कि वे निसंकोच होकर यहां अपने उपचार के लिए आ सकते हैं। रहने-खाने से लेकर दवाईयों तक की सारी सुविधाएं सरकार द्वारा मुहैया करवाई जा रही हैं।

**चिट्टे के खिलाफ चल रही है प्रदेशव्यापी मुहीम :** बता दें कि इन दिनों प्रदेश भर में चिट्टे जैसे नशे के खिलाफ प्रदेशव्यापी मुहीम चली हुई है जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष मिलकर इस कुरीति के खिलाफ लडाई लड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

## रिटायर तहसीलदार से पटवारी तक दोबारा होंगे तैनात

संजू | शिमला
समर न्यूज़

जिला शिमला में लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए जिला प्रशासन ने अहम फैसला लिया है। इसके तहत रिटायर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारियों को मेहनताना के आधार पर अस्थायी रूप से पुनर्नियुक्त किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि तहसीलदार के 3, नायब तहसीलदार का 1, कानूनगो का 1 और पटवारी के 70 पद भरे जाएंगे। इच्छुक रिटायर अधिकारी 31 जनवरी 2026 तक उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदक ने हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और उसके खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई लंबित न हो। आवेदन पत्र जिला वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### परिवहन विभाग का सख्त एक्शनः डेढ़ माह में 850 चालान

# 35 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

राहूल | धर्मशाला
समर न्यूज़



प्रदेश में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया हुआ है। कांगड़ा, चंबा, ऊना और हमीरपुर जिलों में परिवहन विभाग की फ्लाइंग स्क्वायड धर्मशाला डिविजन द्वारा लगातार औचक निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है। बीते दिसंबर और जनवरी माह के दौरान विभाग की उड़नदस्ता टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 850 से अधिक वाहनों के चालान काटे हैं और करीब 35 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। जांच के दौरान बिना परमिट वाहन चलाना, पैसेंजर लिस्ट न होना, क्षमता से अधिक सवारियां बिठाना और अन्य कई अनियमितताएं सामने आई हैं। परिवहन विभाग ने विशेष रूप से निजी बसों और वोल्वो बसों पर कड़ी नजर रखी हुई है। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में अकेले वोल्वो बसों के करीब 5 लाख 20 हजार रुपये के चालान किए गए हैं।परिवहन विभाग ने बस ऑपरेटरों और अन्य यात्री वाहनों के चालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में भी नियमों की अनदेखी की गई, तो और अधिक सख्त कदम उठाए जाएंगे। इनमें वाहनों को जब्त करना, निजी वोल्वो बसों को ब्लैकलिस्ट करना और संचालन पर रोक लगाना भी शामिल है।
विभाग ने साफ किया है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आने वाले समय में भी फ्लाइंग स्क्वायड द्वारा नियमित और औचक निरीक्षण अभियान जारी रहेगा, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।
आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड असीम सूद ने बताया कि पिछले डेढ़ माह में करीब 850 चालान किए गए हैं और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### तय शुल्क और मुफ्त सर्विसिंग की दी जानकारी

# एलपीजी उपभोक्ताओं को सुरक्षा जांच के निर्देश दिए

संजीव | नमरपुर
समर न्यूज़

वैष्णो गैस एजेंसी, सुलयाली ने अपने सभी घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए हर पाँच वर्ष में अनिवार्य सुरक्षा जांच कराने का निर्देश जारी किया है। एजेंसी ने बताया कि जिन घरों में यह जांच अभी तक नहीं हुई है, वहां जल्द ही अधिकृत मैकेनिक निरीक्षण के लिए पहुंचेंगे।
एजेंसी ने चेताया कि एलपीजी अत्यंत ज्वलनशील होती है और समय के साथ गैस स्टोव, रेगुलेटर और सुरक्षा रबर ट्यूब में घिसावट या गैस लीकेज की संभावना बनी रहती है। निरीक्षण के दौरान मैकेनिक गैस उपकरणों की तकनीकी जाँच के साथ रसोई में सुरक्षित सिलेंडर स्थान और वेंटिलेशन की भी समीक्षा करेंगे। यह प्रक्रिया सामान्यतः 15 से 20 मिनट में पूरी हो जाती है।सरकार द्वारा निर्धारित 236 रुपये (GST सहित) शुल्क लिया जाएगा, जिसका बिल उपभोक्ता को दिया जाएगा। इसके अलावा, सिलेंडर में लगी नारंगी "सुरक्षा ट्यूब" की वैधता भी जाँची जाएगी। यदि यह ट्यूब एक्सपायर पाई जाती है, तो इसे तुरंत बदला जाएगा।
नई 1.5 मीटर वायर-मेश ट्यूब की कीमत 190 रुपये निर्धारित है, जो LERC, बेंगलुरु से प्रमाणित है।उपभोक्ताओं को राहत देते हुए एजेंसी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्टोव की सर्विसिंग और बर्नर की सफाई पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी। एजेंसी ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग और समय पर सुरक्षा जांच करवाने का आग्रह किया है, ताकि किसी भी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# बिलासपुर में झील किनारे टिप्पर गिरा, चालक की मौत

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़



बिलासपुर में देर रात एक भयंकर सड़क हादसा हुआ, जिसमें रेलवे कंपनी में कार्यरत टिप्पर अनियंत्रित होकर झील में गिर गया। इस दुर्घटना में चालक कुलदीप (49 वर्ष), निवासी धनीपखर, मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी सुबह उस समय सामने आई, जब मार्ग से गुजर रहे एक अन्य वाहन चालक ने झील के पास पड़े टिप्पर को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।
घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाना शुरू किया। प्रारंभिक जांच में सड़क की खराब स्थिति और रात का अंधेरा हादसे के मुख्य कारण बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बागछाल मार्ग पर अक्सर सड़क की स्थिति खराब रहती है और रात में वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो जाता है।
उन्होंने प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें। रेलवे कंपनी ने भी हादसे की पुष्टि की और मृतक चालक के परिवार को आर्थिक और अन्य सहायता देने का आश्वासन दिया। पुलिस ने बताया कि आगे सड़क सुरक्षा और वाहन संचालन के नियमों की समीक्षा की जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि नागरिकों की जान खतरे में न पड़े।

# भ्रमण से लौटे चिल्ड्रन ऑफ स्टेट सीएम से की मुलाकात

### बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए राज्य की योजनाएं लागू

शिमला | संजू
समर न्यूज़




हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित बच्चों को दिए गए 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' के दर्जे के तहत एक और महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। शिमला से भेजे गए चिल्ड्रन ऑफ स्टेट चंडीगढ़, दिल्ली, आगरा और गोवा के शैक्षणिक व सांस्कृतिक भ्रमण से लौटने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिले। इस अवसर पर बच्चों ने अपने भ्रमण के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए और विभिन्न राज्यों की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक विकास को नजदीक से देखने की जानकारी दी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निराश्रित बच्चों को केवल संरक्षण ही नहीं दे रही, बल्कि उन्हें सम्मान, अधिकार और बेहतर भविष्य के अवसर भी प्रदान कर रही है। सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत इन बच्चों को हर माह पॉकेट मनी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और देश-भर में भ्रमण का अवसर दिया जा रहा है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना, सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि हाल ही में दिल्ली दौरे के दौरान उनकी केंद्रीय आलाकमान से भी मुलाकात हुई है। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले समय में राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल संभव है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री से राज्य की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से उदार आर्थिक सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष प्रस्तुत ज्ञापन और अतिरिक्त ज्ञापन की जानकारी देते हुए राजस्व घाटा अनुदान को न्यूनतम 10 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष तय करने की मांग रखी।
इसके अतिरिक्त केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने, आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य परियोजनाओं में केंद्रीय सहयोग का अनुरोध किया। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के बच्चों और आम नागरिकों को सशक्त बनाते हुए हिमाचल को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है।

### तीन दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना

# हिमाचल में सूखे की स्थिति से मिलेगी राहत

समर न्यूज़ | शिमला



हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से जारी सूखे की स्थिति से जल्द राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में अगले तीन दिन अच्छी बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आएगा।
लाहौल से लेकर कुल्लू घाटी तक शीतलहर का प्रभाव जारी है। रोहतांग दर्रा, बारालाचा और शिकुंला दर्रा में हल्की बर्फबारी हुई है, और वीकेंड पर सैलानी लाहौल की बर्फीली वादियों में पहुंच चुके हैं। वहीं बरठीं, हमीरपुर, ऊना और मंडी में भी शीतलहर दर्ज की गई। राज्य के 15 स्थानों पर रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया।
प्रमुख स्थानों में न्यूनतम तापमान इस प्रकार दर्ज किया गया। शिमला 5.5, सुंदरनगर 2.8, भुंतर 3.5, कल्पा 2.0, धर्मशाला 3.2, ऊना 2.7, नाहन 6.0, पालमपुर 3.0, सोलन 3.8, मनाली 2.1, कांगड़ा 4.8, मंडी 3.9, बिलासपुर 5.0, हमीरपुर 2.1, जुब्बड़हट्टी 6.2, कुफरी 5.3, कुकुमसेरी -2.5, नारकंडा 3.9, रिकांगपिओ 5.0, सेऊबाग 8.0, बरठीं 1.7, चौपाल 5.9, कसौली 7.1, पांवटा साहिब 9.0, सराहन 7.7, देहरागोपीपुर 8.0, ताबो -0.9, नेरी 10.0 और बजौरा 5.0 डिग्री सेल्सियस। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में 18 से 20 जनवरी तक हल्की बारिश-बर्फबारी जारी रहेगी। इसके बाद 21 जनवरी को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे 22 से 24 जनवरी तक राज्य में अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना बढ़ जाएगी। 22 जनवरी को मध्य और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होगी, जबकि 23 और 24 जनवरी को ज्यादातर क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 23 जनवरी को ऊंचे पर्वतीय इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# होम स्टे और बी एंड बी इकाइयों का पंजीकरण अनिवार्य

समर न्यूज़ | शिमला



प्रदेश सरकार ने पर्यटन क्षेत्र को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए एचपी होम स्टे नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। इन नियमों के लागू होने के बाद प्रदेश में संचालित सभी होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी जिला पर्यटन विकास अधिकारी शिमला जगदीश शर्मा ने दी। उनए नियमों के क्लॉज-6 के तहत वे सभी पर्यटन इकाइयां, जो वर्तमान में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की इनक्रेडिबल इंडिया बेड एंड ब्रेकफास्ट एस्टेब्लिशमेंट, इनक्रेडिबल इंडिया होम स्टे एस्टेब्लिशमेंट योजना अथवा एचपी होम स्टे योजना, 2008 के अंतर्गत पंजीकृत हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से नए नियमों के तहत पुनः पंजीकरण कराना होगा। ऐसी सभी इकाइयों को राजपत्र में नियमों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर ई-सेवाएं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। राहत की बात यह है कि पहले से पंजीकृत इकाइयों का पंजीकरण उनकी वर्तमान वैधता तिथि तक बिना किसी शुल्क के किया जाएगा। जगदीश शर्मा ने स्पष्ट किया कि एचपी होम स्टे नियम, 2025 के अंतर्गत विधिवत पंजीकरण के बिना कोई भी होम स्टे या बी एंड बी इकाई संचालित नहीं की जा सकेगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के सभी होम स्टे और बी एंड बी इकाई मालिकों से अपील की है कि वे समय रहते नए नियमों का पालन सुनिश्चित करें और निर्धारित अवधि के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से उन इकाइयों से आग्रह किया है, जो पहले से पंजीकृत हैं, कि वे नए होम स्टे नियम, 2025 के अंतर्गत अपने पंजीकरण को अपडेट करवाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। पर्यटन विभाग का मानना है कि इन नियमों से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने, पर्यटकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अवैध रूप से संचालित इकाइयों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# मनाली में राजस्व अधिकारी पर जानलेवा हमला

### कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए गए

समर न्यूज़ | शिमला



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी और नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस शासन के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि राज्य में अपराध और गुंडागर्दी बेलगाम हो गई है। मनाली विधानसभा क्षेत्र के राउगी पंचायत में राजस्व अधिकारियों पर हुए जानलेवा हमले को उन्होंने इसका स्पष्ट प्रमाण बताया। रणधीर शर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग की टीम सरकारी आदेश के तहत जमीन की निशानदेही करने पहुंची थी, लेकिन उन्हें बीडीसी नग्गर के अध्यक्ष खेख राम और उनके समर्थकों ने हमला कर दिया। इस हमले में पटवारी भोप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें ढालपुर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोप है कि खेख राम ने अपने राजनीतिक पद का दुरुपयोग करते हुए पहले अधिकारियों को धमकाया और फिर उनके साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी भी दी।भाजपा नेता ने कहा, "यदि राजस्व अधिकारी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।" उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी कटाक्ष किया, जो स्वयं राज्य के गृहमंत्री भी हैं।

**घोटाला** — पटवारी भर्ती के नाम पर बेरोजगारों से वसूला 12 करोड़ शुल्क : जयराम ठाकुर

# सुक्खू सरकार की मेहरबानी सिर्फ रिटायर्ड मित्रों पर

समर न्यूज़ | मंडी

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि यह सरकार पूरी तरह से 'मित्रों की सरकार' बनकर रह गई है, जिसे प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य की कोई रत्ती भर भी चिंता नहीं है। मंडी से जारी प्रेस बयान में जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरियां देने का लुभावना चुनावी वादा किया था, लेकिन आज कार्यकाल के चौथे वर्ष में भी स्थिति इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। आज प्रदेश का पढ़ा-लिखा युवा सड़कों पर धक्के खाने को मजबूर है और मुख्यमंत्री अपनी तमाम मेहरबानियां केवल अपने सेवानिवृत्त मित्रों और चहेतों पर बरसा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार में योग्यता और वरिष्ठता को दरकिनार कर केवल चाटुकारिता को पुरस्कृत किया जा रहा है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण यह है कि मुख्यमंत्री ने अपने एक तहसीलदार मित्र को तमाम प्रशासनिक मर्यादाओं और नियमों को ताक पर रखकर एचएएस अधिकारी बना दिया, जबकि इस विवादास्पद पदोन्नति के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में याचिका अभी भी लंबित है। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद अपने मित्र को उपकृत करना न केवल उन अधिकारियों के साथ अन्याय है जो ईमानदारी से अपनी बारी का इंतजार कर



रहे हैं, बल्कि यह न्यायपालिका की गरिमा का भी अपमान है। नेता प्रतिपक्ष ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार ने एक भी बेरोजगार युवा को राजस्व विभाग में स्थायी रोजगार का अवसर प्रदान नहीं किया। सरकार की नीयत का खोट इस बात से पूरी तरह स्पष्ट होता है कि कार्यकाल के चौथे वर्ष में प्रवेश करते ही 530 पटवारी पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया। इस विज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क के नाम पर 12 करोड़ रुपये से अधिक की भारी-भरकम राशि वसूल ली गई।
जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब सरकार का इरादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी देने का था ही नहीं, तो बेरोजगारों की जेब पर यह डाका क्यों डाला गया? सबसे अधिक पीड़ादायक और शर्मनाक पहलू यह है कि अभी इन पदों के लिए लिखित परीक्षा तक आयोजित नहीं की गई है, लेकिन सरकार ने चोर दरवाजे से अपने चहेते सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इन्हीं पदों पर पुनर्नियुक्ति देने का सिलसिला तेज कर दिया है। यह प्रदेश के उन 1 लाख 87 हजार परिवारों के बेरोजगार युवाओं के साथ एक भद्दा और क्रूर मजाक है जो दिन-रात सरकारी लाइब्रेरी और कमरों में बैठकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कड़े शब्दों में कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री सरकारी खजाना खाली होने का रोना रोते हुए जनता पर टैक्स का बोझ डाल रहे हैं, और दूसरी तरफ अपने चहेतों को सेवानिवृत्ति के बाद भी मोटी पगार, आलीशान दफ्तर और भत्तों के साथ फिर से नौकरी पर रखकर प्रदेश के सीमित संसाधनों की लूट मचा रहे हैं। यदि सरकार को केवल अपने ही खास लोगों और रिटायर्ड मित्रों को मलाई बांटनी है, तो फिर परीक्षाओं का यह ढोंग क्यों रचा जा रहा है? प्रदेश के युवाओं से करोड़ों रुपये की फीस वसूलना किसी बड़े वित्तीय घोटाले से कम नहीं है।

### मंदिर विस्तार के लिए 200 करोड़ की जरूरत बताई

# चिंतपूर्णी के दरबार में अनुराग ने की पूजा

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के पावन दरबार में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता की पवित्र पिंडी के दर्शन कर देश, प्रदेश और क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में पहुंचने पर मंदिर प्रशासन, पुजारी वर्ग और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।
पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन अनुष्ठान करवाया। मंदिर प्रशासन की ओर से सांसद को माता की चुनरी भेंट की गई, जबकि पुजारी वर्ग द्वारा माता की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की गई।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने माता चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण और विस्तारीकरण को लेकर अहम जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से पहले मंदिर विकास के लिए धनराशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली में ढिलाई और इच्छाशक्ति की कमी के कारण वह राशि वापस चली गई। बाद में उनके निरंतर प्रयासों से केंद्र सरकार से दोबारा उस धनराशि को स्वीकृत करवा कर प्रदेश सरकार को भेजा गया, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।उन्होंने कहा कि माता चिंतपूर्णी मंदिर उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यहां सुविधाओं का विस्तार समय की मांग है। उन्होंने दक्षिण भारत के मंदिरों और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, माता वैष्णो देवी तथा अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों का समग्र विकास श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# मोहाली में घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार बेकाबू दामाद हुआ घायल, सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा

समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली में एक दर्दनाक हादसा उस समय हो गया, जब घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार को स्टार्ट करते ही वह अचानक बेकाबू हो गई। कार चला रहे बुजुर्ग ससुर के सामने ही दामाद उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा जीरकपुर क्षेत्र में हुआ। कार चालक की पहचान 65 वर्षीय अश्वनी शर्मा के रूप में हुई है, जबकि घायल दामाद 42 वर्षीय मनदीप कुमार है। बताया जा रहा है कि अश्वनी शर्मा घर से बाहर निकलकर अपनी आई-20 इलेक्ट्रिक कार को स्टार्ट कर रहे थे। उस समय गली में कई वाहन खड़े थे।




सीसीटीवी फुटेज में युवक पर चढ़ती हुई कार। - समर न्यूज

सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि घर के बाहर कुल सात कारें खड़ी थीं एक ओर चार और दूसरी ओर तीन कारें खड़ी थीं। इनके बीच कुछ बाइक और स्कूटी भी खड़ी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही अश्वनी शर्मा ने कार स्टार्ट की, वह अचानक तेज गति से आगे बढ़ गई और बेकाबू हो गई। कार के ठीक सामने दो कारें खड़ी थीं, जिनके बीच मनदीप कुमार खड़े थे। कार ने सीधे मनदीप को टक्कर मार दी, जिससे वह आगे खड़ी दूसरी कार से जा टकराए। टक्कर के बाद मनदीप दो कारों के बीच फंसकर नीचे गिर पड़े। गनीमत रही कि वह कार के नीचे आने से बाल-बाल बच गए, लेकिन गिरते ही बेहोश हो गए।

हादसे के तुरंत बाद पास खड़ी एक महिला ने शोर मचाया और मनदीप की ओर दौड़ी। कुछ ही देर में अन्य महिलाएं, परिवार के सदस्य और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। पहले महिलाओं ने उन्हें उठाने की कोशिश की, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। इसके बाद परिवार के लोग घायल मनदीप को तुरंत जीरकपुर स्थित जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे। जेपी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक्स-रे और एमआरआई जांच की, जिसमें मनदीप के पैर में तीन जगह फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर है और उन्हें लंबे इलाज की आवश्यकता होगी। स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। इसके बाद परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा कर आगे का इलाज करवा रहे हैं।

परिवार का कहना है कि कार इलेक्ट्रिक थी और स्टार्ट होते ही अचानक बेकाबू हो गई, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद आसपास खड़ी अन्य कारों को भी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## माइनिंग करती हुई पोकलेन जब्त, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

गांव मुकंदपुर और बीड़ दंदराला क्षेत्र में हो रही नाजायज माइनिंग के आरोप में माइनिंग विभाग की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, हवलदार रणजीत सिंह ने बताया कि माइनिंग अधिकारी अक्षय बंसल ने शिकायत में बताया गया कि गांव मुकंदपुर और दंदराला के आसपास कुछ लोग बिना अनुमति के अवैध तरीके से माइनिंग कर रहे हैं। इस पर माइनिंग विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पर छापामारी की। छापे के दौरान वहां एक पोकलेन मशीन अवैध रूप से माइनिंग करती हुई पाई गई। इसके बाद माइनिंग विभाग की शिकायत पर पुलिस ने अवैध माइनिंग को लेकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## कार से 1.214 किलो सोना और 1.42 करोड़ बरामद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 1 किलो 214 ग्राम सोना और 1 करोड़ 42 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई कॉलोनी नंबर-4 लाइट पॉइंट के पास लगाए गए नाके पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह की अगुवाई में की गई।

पुलिस के अनुसार, नियमित चेकिंग के दौरान एक होंडा अमेज कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार के अंदर से भारी मात्रा में सोना और नकदी मिली। कार चालक की पहचान जगमोहन जैन, निवासी अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है।

**दस्तावेज नहीं दिखा सका चालक**

शुरुआती पूछताछ में चालक सोना और नकदी से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर पेश नहीं कर सका।

बरामद सोने पर 9999 फाइन गोल्ड की मार्किंग पाई गई है। इसमें 100 ग्राम, 50 ग्राम और 1 औंस के गोल्ड बार शामिल हैं। इसके साथ ही 1 करोड़ 42 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए।

**जांच एजेंसियों को सूचना**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संबंधित जांच एजेंसियों को सूचित कर दिया है। अब यह जांच की जा रही है कि सोना और नकदी कहां से लाई गई थी और कहां ले जाई जा रही थी। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि कहीं इस बरामदगी का संबंध हवाला कारोबार, टैक्स चोरी या किसी अन्य अवैध वित्तीय लेनदेन से तो नहीं है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# 21 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान वॉर ऑन ड्रग्स के तहत एसएएस नगर पुलिस को ड्रग तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। डेराबस्सी क्षेत्र में की गई विशेष नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार से 21 किलो गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हरमनदीप सिंह हंस, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएएस नगर और मनप्रीत सिंह पीपीएस, एसपी (रूरल) एसएएस नगर के दिशा-निर्देशों पर और विक्रमजीत सिंह बराड़, पीपीएस, डीएसपी डेराबस्सी की देखरेख में की गई। इंस्पेक्टर सुमित मोर एसएचओ थाना डेराबस्सी और सब-इंस्पेक्टर कुलवंत सिंह, इंचार्ज पुलिस पोस्ट मुबारकपुर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार, 17 जनवरी 2026 को डेराबस्सी–रामगढ़ रोड पर मुबारकपुर के पास विशेष नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान डेराबस्सी की ओर से आ रही एक हुंडई वर्ना



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक। - समर न्यूज

कार को रोका गया और तलाशी ली गई। कार में एक ही व्यक्ति सवार था, जिसने अपनी पहचान राजीव पुत्र जय पाल, निवासी गांव नांगल खेरी, थाना चांदनी बाग, जिला पानीपत (हरियाणा) के रूप में बताई। आरोपी वर्तमान में मकान नंबर 2904, पुष्पा एन्क्लेव, फोकल प्वाइंट मुबारकपुर में किराए पर रह रहा था। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से 21 किलो गांजा बरामद किया। इसके बाद आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। थाना डेराबस्सी में को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

## मोहाली में आज से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

नगर निगम मोहाली के कमिश्नर परमिंदर पाल सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए 19 जनवरी से पहले नगर निगम सीमा में किए गए सभी अवैध कब्जे स्वयं हटा लें।

उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने 13 जनवरी को रिहायशी, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल एरिया, पार्क और सरकारी जमीन पर किए गए गैर-कानूनी कब्जों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में नगर निगम हाउस को भी अवगत करा दिया गया है और अखबारों के माध्यम से पब्लिक नोटिस जारी किया जा चुका है। कमिश्नर ने कहा कि 19 जनवरी से अवैध कब्जों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। कार्रवाई के दौरान हुए नुकसान और खर्च की जिम्मेदारी संबंधित कब्जेदार की होगी।

### सड़क किनारे खड़ा कैंटर बना मौत का कारण, भेड़ पालक को करीब दो लाख का नुकसान

# ट्रक ने भेड़ों के झुंड को कुचला, 10 भेड़ों की मौत

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

सुंडरा के नजदीक हरिपुर हिंदुआ संपर्क सड़क मोड़ के पास ढ़लान पर खड़ा एक कैंटर ट्रक अचानक लुढ़क गया। उसके चपेट में भेड़ों का झुंड आ गया। कैंटर तले कुचले जाने से दस भेड़ों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर मामले की पड़ताल शुरु कर दी है। भेड़ मालिक के साथ मुआवजे को लेकर दोनों पक्षों में बातचीत जारी हे। जानकारी मुताबिक, हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। सुंडरा में हरिपुर मोड़ पर एक कैंटर स्टार्ट खड़ा था।

भेड़ मालिक मैनेजर सिंह पुत्र राम रतन वासी गांव बेहड़ा ने बताया कि वह अपने डेढ़ सौ भेड़ों के झुंड को साथ हरिपुर की ओर जा रहा था। उस दौरान एक कैंटर बिना हैंडब्रेक लगाए उसका चालक सड़क किनारे स्टार्ट पोजीशन में खड़ा कर पास की दुकान में चला



सड़क हादसे में मरी हुई भेड़। - समर न्यूज

गया। सड़क पर ढलान होने की वजह से कैंटर अचानक आगे की लुढ़कने लगा और सामने सड़क पर जा रही भेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही पलों में दस भेड़ें कैंटर के टायरों के नीचे कुचल गईं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

कुचले जाने से कई भेड़ों की आतंड़ियां तक बाहर निकल आईं। मरी हुई भेड़ों में कई गर्भवती भी थीं। कुल दस भेड़ों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह मरी भेड़ों को लाद एक रेहड़ी में मुबारिकपुर पुलिस चौकी ले आया जबकि ट्रक को भी पुलिस चौकी ले आई।

मैनेजर सिंह ने बताया कि मरी हुई भेड़ों की कुल कीमत करीब दो लाख रुपये है। ये भेड़ें उनके परिवार की रोजी-रोटी का मुख्य जरिया थीं, जिनके चले जाने से परिवार पर बहुत बड़ा आर्थिक संकट आ गया है।

उन्होंने कैंटर मालिक से पूरा मुआवज़ा देने की मांग की है। पुलिस चौकी में दोनों पक्षों में मुआवजे को लेकर अभी समझौता नहीं हुआ था।

## कांग्रेस अध्यक्ष लकी बोले, भाजपा नेता ने भाषा की मर्यादा तार-तार की

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष लकी ने भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा पर तीखा हमला बोला है। लकी ने एक वीडियो जारी कर भाजपा अध्यक्ष की भाषा और बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मंचों से जिस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह न केवल आपत्तिजनक है बल्कि राजनीतिक मर्यादाओं के भी खिलाफ है। लकी ने भगवान श्रीराम से प्रार्थना करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को सद्बुद्धि मिले, ताकि वे संयमित और मर्यादित भाषा का प्रयोग करें। लकी ने कहा कि "मेरे प्रिय जितेंद्र पाल मल्होत्रा, आपने एक बार फिर भाषा की मर्यादा को तार-तार किया है।" उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अध्यक्ष ने सांसद मनीष तिवारी और कांग्रेस पार्टी को लेकर बेवजह बयानबाजी की और कांग्रेस को जलील करने की कोशिश की। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय व्यक्तिगत हमलों और बदले की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने चंडीगढ़ में जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए हैं, जिनमें मनीमाजरा में 24 घंटे पानी की सप्लाई, प्रॉपर्टी टैक्स, बिजली के निजीकरण और मनीमाजरा की जमीन से जुड़े सवाल शामिल हैं। लकी ने कहा कि इन मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय भाजपा नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लकी ने याद दिलाया कि वर्ष 2024 में करीब 10 साल बाद कांग्रेस ने चंडीगढ़ में सांसद बनाया और उस समय वह स्वयं पार्टी के अध्यक्ष थे। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष को नसीहत दी कि कांग्रेस की चिंता छोड़कर अपनी पार्टी संभालें और अपनी भाषा पर विशेष ध्यान दें।

# रोटरी क्लब 26 जनवरी को गरीबों की करेगा मदद

### क्लब ने बैठक में लिया फैसला, गणतंत्र दिवस पर जरूरतमंदों को बांटेंगे गर्म कंबल और जूते

समर न्यूज़ | पंचकूला

रोटरी क्लब ऑफ ट्राई सिटी की सेक्टर-3 स्थित देवनगर के होटल गोल्फ व्यू में सदस्यों की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान रोटेरियन दिनेश बंसल ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और नववर्ष की बधाई दी। क्लब के प्रधान दिनेश बंसल ने बताया कि बैठक में क्लब द्वारा किए गए अभी तक के कार्यों का उल्लेख किया गया। बैठक के दौरान इस माह किए जाने वाले आगामी कार्यक्रम बारे चर्चा की गई। जिसमे निर्णय हुआ कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जरूरतमंदों को गर्म कंबल, जूते आदि वितरित किए जाएंगे। दिनेश बंसल ने बताया कि कार्यक्रम हेतु एक प्रोजेक्ट कमेटी का गठन किया गया। जिसमे रोटेरियन कुलदीप गुप्ता




क्लब के सदस्य बैठक करते हुए। - समर न्यूज़

को प्रोजेक्ट चेयरमैन और रोटेरियन अमरजीत सिंह और रोटेरियन कर्ण गर्ग को कमिटी सदस्य बनाया गया। उन्होंने बताया कि क्लब के सदस्य रात के समय सड़कों पर जाकर जरूरतमंदों को कंबल, जूते आदि दिए जाएंगे।

इस अवसर पर प्रधान दिनेश बंसल, सचिव सतीश मंगला, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष हेमंत जिंदल, कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल, युवराज गोयल, करण गर्ग, रमन सिंगला, सुरेश सैनी, पवन कुमार बंसल सेक्टर 26, अमरजीत सिंह, कुलदीप गुप्ता, डा मनोज कुमार, विजय अग्रवाल, डा विनय कुमार, कनव गुप्ता, धर्मपाल सिंगला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## चंडीगढ़ में आज से खुलेंगे स्कूल नई समय-सारिणी हुई जारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

ठंड और घने कोहरे के कारण बढ़ाई गई स्कूलों की छुट्टियों के बाद अब मौसम में सुधार होने के साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन के शिक्षा विभाग ने आज से सभी स्कूलों को दोबारा खोलने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही स्कूलों के लिए नई समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। यूटी प्रशासन के निदेशक स्कूल शिक्षा नितीश सिंगला ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहले स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाई गई थीं, लेकिन अब मौसम सामान्य होने पर नियमित शैक्षणिक गतिविधियां फिर से शुरू की जा रही हैं। नई व्यवस्था के तहत सिंगल शिफ्ट में चलने वाले सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सभी कक्षाओं के लिए स्कूल का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रहेगा। वहीं शिक्षकों और अन्य स्टाफ के लिए स्कूल समय सुबह 8:45 बजे से दोपहर 2:45 बजे तक निर्धारित किया गया है। डबल शिफ्ट में संचालित स्कूलों के लिए अलग व्यवस्था लागू की गई है। इन स्कूलों में छठी कक्षा और उससे ऊपर की कक्षाएं सुबह की शिफ्ट में संचालित होंगी। इन विद्यार्थियों का स्कूल समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1:45 बजे तक रहेगा। वहीं पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की कक्षाएं दोपहर की शिफ्ट में लगेंगी। इन नन्हे विद्यार्थियों को दोपहर 1:15 बजे से शाम 4:30 बजे तक स्कूल आना होगा। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधन से निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे बच्चों को समय पर स्कूल भेजें और मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतें।

आयोजन

### विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार मिशन पर जोर

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का श्रमिकों से संवाद

समर न्यूज़ | पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में श्रमिकों से संवाद करते हुए विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिक कल्याण और गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना की शुरुआत की है। यह योजना समय के साथ अप्रासंगिक हो चुकी मनरेगा योजना का स्थान लेती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना के माध्यम से रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, जिससे श्रमिकों की गारंटीशुदा मजदूरी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप पूरे देश में



कार्यक्रम में मौजूद श्रमिक। - समर न्यूज़

ग्रामीण अकुशल श्रमिकों की वार्षिक आय में औसतन सात प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हरियाणा में प्रत्येक श्रमिक की वार्षिक आय में कम से कम 50 हजार रुपये की बढ़ोतरी सुनिश्चित की जाएगी। सीएम सैनी ने बताया कि योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, डिजिटल उपस्थिति, वेतन एवं भत्तों का सीधा डिजिटल भुगतान, जियो-टैगिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसे आधुनिक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2014 से अक्टूबर 2025 तक के दस वर्षों में हरियाणा में श्रमिकों को 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दस वर्षों में यह राशि मात्र 2,000 करोड़ रुपये रही। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में जी राम जी योजना का विरोध करने के लिए प्रस्ताव पारित कर रही है, जबकि राज्य में भ्रष्टाचार के दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी इस योजना को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

सीएम सैनी ने श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद से सरकार ने ग्रामीण गरीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हरियाणा में बड़ी संख्या में मकानों का निर्माण किया गया है, जबकि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को 30 गज के प्लॉट दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत कर सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत किया गया है।

### एडीसी ने पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट के तहत की बड़ी कार्रवाई

# दो ट्रैवल फर्मों के खिलाफ हुए लाइसेंस रद्द

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट–2012 के तहत जिला प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने वाली ट्रैवल व इमिग्रेशन फर्मों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीसी) गीतिका सिंह ने कार्रवाई करते हुए दो फर्मों के लाइसेंस रद्द कर दिए, जबकि एक फर्म का लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किया गया है। एडीसी ने ग्लोबल सेफ ओवरसीज फर्म का लाइसेंस रद्द कर दिया है। यह फर्म एससीएफ नंबर 87, टॉप फ्लोर, फेज-11, जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में स्थित है।

फर्म के मालिक जतिंदर पाल सिंह निवासी गांव खेड़ा गज्जू, तहसील राजपुरा जिला पटियाला है। उक्त फर्म को कंसल्टेंसी कार्य के लिए लाइसेंस नंबर 405/आई.सी. दिनांक 10 अगस्त 2020 को जारी किया गया था, जिसकी वैधता 9 अगस्त 2025 तक थी। प्रशासन के अनुसार लाइसेंस का नवीनीकरण न करवाने, मासिक रिपोर्ट और विज्ञापनों से संबंधित जानकारी समय पर न भेजने, लाइसेंस की शर्तों का पालन न करने तथा नोटिस का कोई जवाब या स्पष्टीकरण न देने के कारण यह कार्रवाई की गई। इसी तरह एडीसी ने मैसर्ज माउंटेन इमिग्रेशन फर्म का भी लाइसेंस रद्द कर दिया है। यह फर्म शोरूम नंबर 1 और 2, लोअर ग्राउंड फ्लोर, मेट्रो प्लाजा, सिटी मार्केट, एम.सी. ज़ीरकपुर, तहसील डेराबस्सी में स्थित है। फर्म के मालिक हरविंदर सिंह (निवासी सेक्टर-70, मोहाली) और इश्तपाल सिंह (निवासी जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश) हैं। फर्म को कंसल्टेंसी एवं आईलेट्स कोचिंग संस्थान के संचालन के लिए लाइसेंस नंबर 409/आई.सी. दिनांक 10 सितंबर 2020 को जारी किया गया था, जिसकी वैधता 9 सितंबर 2025 तक थी। नियमों का पालन न करने और नोटिस का उत्तर न देने पर यह लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया। इसके अलावा मैसर्ज़ क्विक वीज़ा सॉल्यूशन फर्म का लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह फर्म एस.सी.एफ. नंबर 127, टॉप फ्लोर, फेज-07, मोहाली में स्थित है। फर्म के मालिक हरजीत सिंह पुत्र गुरदेव सिंह हैं। फर्म को लाइसेंस नंबर 631/आई.सी. दिनांक 19 दिसंबर 2023 को जारी किया गया था, जो 18 दिसंबर 2028 तक वैध है। प्रशासन के अनुसार फर्म ने मासिक रिपोर्ट, विज्ञापन, सेमिनार और छमाही रिपोर्ट संबंधी सूचनाएं समय पर जमा नहीं करवाईं। इसके चलते 14 जनवरी 2026 से तीन माह के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया है। साथ ही फर्म को 15 दिनों के भीतर जवाब देने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

# मौन व्रत : दुरुस्त सेहत तो कोसों दूर रहती हैं मानसिक समस्याएं

मोहाली। आज की भागदौड़ और शोर-शराबे से भरी दुनिया में शांति एक दुर्लभ लेकिन बेहद जरूरी चीज है। अशांति, शोर-शराबे से न केवल शरीर रोगों का घर बन जाता है बल्कि तनाव, चिड़चिड़ापन, खिन्नता मानसिक रूप से परेशान कर देते हैं। ऐसे में मौन का अभ्यास न केवल सेल्फ-अवेयरनेस, मानसिक स्पष्टता और गहरी आंतरिक शांति प्रदान करता है।

सनातन धर्म में मौन व्रत को सर्वोत्तम तप माना जाता है। 18 जनवरी को मौनी अमावस्या है, मौन व्रत रखना धार्मिक महत्व के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी सिद्ध होता है। सदियों से आध्यात्मिक परंपराओं में मौन को आंतरिक स्वतंत्रता और सच्ची खुशी का मार्ग माना गया है। मौन केवल बाहरी शोर की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि एक सक्रिय और पूरी चेतना के साथ अपनाई जाने वाली प्रक्रिया है। यह हमें बाहरी अशांति से दूर कर आंतरिक दुनिया की ओर ले जाता है।

आयुर्वेद की मूल भावना में मौन को मन की शांति, संयम, और ऊर्जा संरक्षण के रूप में महत्व दिया जाता है, जो योग और सात्विक जीवनशैली का हिस्सा है। आयुर्वेद के अनुसार, अधिक बोलना वात दोष को बढ़ाता है, जिससे मन अशांत होता है, तनाव बढ़ता है, नींद प्रभावित होती है और ऊर्जा का क्षय होता है। मौन रहने से मन शांत रहता है, जिससे सत्व गुण बढ़ता है। ऊर्जा बचती है, एकाग्रता और ध्यान की क्षमता बढ़ती है। तनाव, क्रोध पर नियंत्रण और ब्लड प्रेशर के साथ हृदय स्वास्थ्य भी सुधरता है।

भगवद्गीता में भी मौन को गुह्य ज्ञान कहा गया है, जिसके अनुसार, मौन व्रत मानसिक तप का रूप है, जो शरीर-मन के संतुलन के लिए लाभकारी है। यह वाणी, संयम से ओजस की रक्षा करता है और सेहत को मजबूत बनाता है।

कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि शोर प्रदूषण न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि तनाव बढ़ाता है और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। वहीं, मौन का दिमाग पर गहरा और हीलिंग प्रभाव पड़ता है। एक महत्वपूर्ण अध्ययन में पाया गया कि रोजाना दो घंटे की मौन रहने से ब्रेन सेल्स के विकास को बढ़ावा देती है, जिससे याददाश्त, भावनाओं और सीखने पर गहरा और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

मौन तनाव हार्मोन (कोर्टिसोल) को कम करता है, ब्लड प्रेशर और हृदय गति को नियंत्रित करता है, नींद की गुणवत्ता सुधारता है और एकाग्रता, क्रिएटिविटी और भावनात्मक संतुलन बढ़ाता है। यह मेडिटेशन जैसा प्रभाव देता करता है, जो ब्रेन के लिए वरदान की तरह है।

# सर्दियों की ठंड दिल के लिए क्यों हो सकती है खतरनाक

## समय पर जागरूकता गंभीर हृदय आपात स्थितियों से बचा सकती है

समर न्यूज़ | लुधियाना

सर्दियां भले ही सुहावनी लगें, लेकिन यह दिल पर चुपचाप दबाव डाल सकती हैं। हर साल ठंड के मौसम में दिल से जुड़ी आपात स्थितियों में साफ़ बढ़ोतरी देखी जाती है। सर्दियों में हार्ट अटैक और हार्ट फेल्योर के मामले ज्यादा सामने आते हैं। अध्ययनों के अनुसार, सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा गर्मियों की तुलना में लगभग दोगुना होता है। यह जोखिम बुजुर्गों और उन लोगों में अधिक होता है जिन्हें पहले से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप या मधुमेह है।

फोर्टिस हॉस्पिटल, लुधियाना में नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी के एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. मानव वढेरा कहते हैं: "ठंडा मौसम दिल पर लगातार और चुपचाप दबाव डालता है। रक्त वाहिकाओं का सिकुड़ना, रक्तचाप का बढ़ना, खून का गाढ़ा होना और मौसमी संक्रमण - ये सभी मिलकर हृदय संबंधी जोखिम को बढ़ाते हैं। खतरा तब और बढ़ जाता है जब लोग लक्षणों को हल्के में लेते हैं या इलाज में देरी करते हैं, खासकर वे लोग जिन्हें पहले से हृदय की समस्या है।"

तापमान गिरने पर शरीर को गर्म रखने के लिए रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। इससे रक्तचाप बढ़ता है और दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। लंबे समय तक ऐसा होने से दिल कमजोर हो सकता है और हार्ट फेल्योर का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में खून भी गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्के बनने की संभावना बढ़ जाती है और हार्ट अटैक व स्ट्रोक का जोखिम बढ़ता है।

सर्दियों में लोगों की दिनचर्या भी बदल जाती है। शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है और भारी भोजन अधिक किया जाता है। सूप, अचार और प्रोसेस्ड स्नैक्स जैसे आरामदेह




खाद्य पदार्थों में नमक की मात्रा अधिक होती है। ज्यादा नमक शरीर में पानी रोकता है, जो हृदय रोगियों के लिए नुकसानदायक है। धूप कम मिलने से विटामिन डी का स्तर भी कम हो सकता है, जो समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

सर्दियां फ्लू और निमोनिया का भी मौसम होती हैं। ये संक्रमण बुखार, सांस लेने में दिक्कत और सूजन पैदा करते हैं, जिससे दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और गंभीर हृदय समस्याएं हो सकती हैं।

**सर्दियों में हृदय जोखिम क्यों बढ़ता है**

ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं और रक्तचाप बढ़ता है।

खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्के बनने का खतरा बढ़ता है।

शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है।

अधिक नमक और वसायुक्त भोजन से शरीर में पानी जमा होता है।

फ्लू और निमोनिया दिल पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं।

इन चेतावनी संकेतों को नज़रअंदाज़ न करें।

**अचानक वजन बढ़ना**

पैरों में सूजन या चेहरे पर फुलाव

हल्की गतिविधि में भी सांस फूलना

सीने में भारीपन या जलन, जिसे अक्सर अपच समझ लिया जाता है

यदि इनमें से कोई भी लक्षण दिखें, तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।

**- डॉ. मानव वढेरा, एसोसिएट कंसल्टेंट - नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मॉल रोड, लुधियाना**

**सर्दियों में दिल को सुरक्षित रखने के उपाय**

- हल्के गर्म कपड़े पहनें और सिर व गर्दन को ढककर रखें।
- घर के अंदर व्यायाम, स्ट्रेचिंग या योग से सक्रिय रहें।
- कम नमक और कम वसा वाला संतुलित आहार लें
- हृदय और रक्तचाप की दवाएं नियमित रूप से लें
- सर्दियों में रक्तचाप की जांच अधिक बार कराएं
- डॉक्टर से नियमित रूप से मिलें, क्योंकि दवाओं की मात्रा में बदलाव की जरूरत हो सकती है।

सर्दियों में होने वाली अधिकांश हृदय आपात स्थितियां रोकी जा सकती हैं। गर्म रहें, समझदारी से खाएं, सक्रिय रहें और समय पर डॉक्टर की सलाह लें, ताकि जोखिम कम किया जा सके और जीवन बचाया जा सके।

# रोशनी बढ़ाने से लेकर दर्द मिटाने तक, आंखों के लिए आयुर्वेदिक वरदान है 'बिदालिका'

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मोबाइल या लैपटॉप-डेस्कटॉप स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने की वजह से आंखों की कई समस्याएं आम हो गई हैं। आंखों की थकान हो या दर्द, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय आंखों की समस्याओं को दूर करने में कारगर आयुर्वेदिक पद्धति बिदालिका के बारे में जानकारी देता है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं बिदालिका या बिडालक आंखों को पोषण देने और उनकी रक्षा करने का एक प्रभावी आयुर्वेदिक तरीका है, जो आंखों की रोशनी को बढ़ाता है। बिदालिका आयुर्वेद की 'क्रियाकल्प' पद्धति का हिस्सा है। इसमें औषधीय जड़ी-बूटियों से बना पेस्ट तैयार किया जाता है और इसे पलकों को छोड़कर आंखों की बाहरी सतह पर लगाया जाता है। यह लेप एक निश्चित मोटाई में लगाकर तय समय तक रखा जाता है, फिर हटा दिया जाता है। बिदालिका मुख्य रूप से आंखों की सूजन और दर्द में राहत के लिए किया जाता है।

बिदालिकाआंखों में दर्द, जलन और सूजन को कम करता है। पित्त दोष को शांत करता है और ठंडक प्रदान करता है। स्टाई (अंजननामिका), कंजंक्टिवाइटिस, ब्लेफेराइटिस जैसी समस्याओं में राहत देता है। दृष्टि को बेहतर बनाने में मदद करता है, रोशनी बढ़ाने और रिफ्रैक्टिव एरर्स को मैनेज करने में उपयोगी होता है। आंखों की थकान, लालिमा और फोटोफोबिया जैसी शिकायतों को दूर करता है।

यह सूजन वाली बीमारियों जैसे डैक्रियोसिस्टाइटिस, होर्डियोलम में भी फायदेमंद है।

नियमित बिदालिका से आंखें स्वस्थ और मजबूत रह सकती हैं। इस उपचार का प्रभाव सीधे आंखों तक पहुंचता है, जिससे तुरंत राहत मिलती है।

कई रिसर्च में इसे बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस और अन्य नेत्र रोगों में प्रभावी पाया गया है, हालांकि आयुर्वेदाचार्य बिदालिका के लिए कुछ सावधानियां भी बरतने की सलाह देते हैं।

इसे हमेशा आयुर्वेदिक चिकित्सक की देखरेख में करवाएं। खुद से न आजमाएं।

साथ ही आंखों में घाव, चोट या गंभीर बीमारियां जैसे ग्लूकोमा, रेटिनल डिसऑर्डर होने पर इसे न करें। बिदालिका के बाद आंखों को आराम दें, तेज रोशनी या स्क्रीन से दूर रहें।

# 'सैल्यूट इंडियन आर्मी कप' में डाक्टर लूथरा इलेवन ने किया शानदार प्रदर्शन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



दिव्या पब्लिक स्कूल, चंडीगढ़ में खेले गए सैल्यूट इंडियन आर्मी कप मुकाबले में डाक्टर लूथरा इलैवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पैंथर क्रिकेट क्लब को 85 रन से करारी शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डाक्टर लूथरा इलैवन की शुरुआत बेहद धीमी रही। टीम ने दोनों ओपनर मात्र 12 रन के स्कोर पर गंवा दिए और पहले 11 ओवर में केवल 46 रन ही बना सकी। हालांकि इसके बाद तीसरे नंबर पर आए हरविंदर नैन (58 रन) और सिकंदर राणा (71 रन, नाबाद)* ने मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। दोनों बल्लेबाजों ने अगले 9 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। सिकंदर राणा ने सिर्फ 34 गेंदों में एक छक्का और 12 चौकों की मदद से नाबाद 71 रन बनाए। वहीं कमल अरोड़ा ने भी 13 गेंदों में 23 महत्वपूर्ण रन जोड़कर टीम के स्कोर को मजबूती दी। निर्धारित ओवरों में डाक्टर लूथरा इलैवन ने 4 विकेट के नुकसान पर 175 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पैंथर क्लब की ओर से आर्यन, बाबू लाल, प्रियांशु और अभिषेक जूनियर ने 1-1 विकेट लिया।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैंथर क्रिकेट क्लब की टीम दबाव में बिखर गई और मात्र 10.4 ओवर में 90 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आदित्य ने 26 रन और अमन ने 21 रन का योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सके।

डाक्टर लूथरा इलैवन की गेंदबाजी भी प्रभावशाली रही। जसपाल सिंह, सिकंदर राणा और चेतन शर्मा ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि कमल जोशी और हरविंदर नैन को 1-1 सफलता मिली।

शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सिकंदर राणा को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### रोज खाएं एक कटोरी ओट्स

# दूर रखें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा



पंचकुला। दिल की सेहत आज के समय में सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है। बदलती जीवनशैली, गलत खानपान, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण हाई कोलेस्ट्रॉल एक आम समस्या बन गया है। यही हाई कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे दिल की नसों में जमने लगता है और हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों की वजह बनता है। ऐसे में लोग दवाइयों पर निर्भर हो रहे हैं, लेकिन आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही यह मानते हैं कि सही भोजन कई बीमारियों को जड़ से रोक सकता है।

इन्हीं में से एक है ओट्स, जो आसानी से पचता है और शरीर में संतुलन बनाए रखता है। रोजाना एक कटोरी ओट्स शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी और खराब तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करता है और शरीर में दोषों का संतुलन बनाए रखता है। आयुर्वेद मानता है कि जब पाचन ठीक रहता है, तो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल अपने आप नियंत्रित होने लगता है। विज्ञान की नजर से देखें तो ओट्स में पाया जाने वाला एक खास फाइबर होता है, जिसे बीटा-ग्लूकान कहा जाता है। यह फाइबर पेट में जाकर एक जेल जैसी परत बना लेता है। यह परत आंतों में कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम कर देती है।

इससे बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) धीरे-धीरे कम होने लगता है और दिल की धमनियां बेहतर तरीके से काम करती हैं।

ओट्स सिर्फ कोलेस्ट्रॉल के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर के लिए फायदेमंद है। इसमें अच्छी मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर को ऊर्जा देता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट धीरे-धीरे ऊर्जा देते हैं, जिससे लंबे समय तक पेट भरा रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती।

यही वजह है कि वजन घटाने वाले लोगों के लिए भी ओट्स बहुत अच्छा विकल्प माना जाता है।

ओट्स में कई जरूरी विटामिन और मिनरल भी होते हैं। इसमें आयरन पाया जाता है, जो शरीर में खून की कमी को दूर करने में मदद करता है। मैग्नीशियम और पोटेशियम दिल की धड़कन को संतुलित रखने में सहायक होते हैं। जिंक और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम बनता है।

दिल की सेहत के लिए ओट्स इसलिए भी खास है क्योंकि यह ब्लड शुगर को भी संतुलित रखता है। ओट्स धीरे पचता है, जिससे खून में शुगर अचानक नहीं बढ़ती। यही कारण है कि डायबिटीज के मरीजों के लिए भी ओट्स एक सुरक्षित और फायदेमंद आहार माना जाता है। जब शुगर और कोलेस्ट्रॉल दोनों नियंत्रण में रहते हैं, तो दिल की बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

आयुर्वेद मानता है कि ओट्स शरीर को अंदर से साफ करता है। यह आंतों में जमा गंदगी को बाहर निकालता है और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है। जब शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है, तो फैट जमा नहीं होता और कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलन में बना रहता है। यही वजह है कि नियमित रूप से ओट्स खाने वाले लोगों में दिल की समस्याएं कम देखी जाती हैं।

# आयुर्वेद के अमृत : लौंग से ज्वार तक, सेहत के लिए वरदान हैं

19 जनवरी से माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इस दौरान भक्त मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए कई विशेष चीजें अर्पित करते हैं, जैसे लौंग, ज्वार-ज्वारे का रस, पान का पत्ता, किशमिश, गुड़, तिल और इलायची। ये न केवल देवी को प्रिय हैं, बल्कि आयुर्वेद में इन्हें औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। देवी को प्रिय ये चीजें सेहत का खजाना भी हैं, जो पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता, श्वसन और तन मन दोनों के स्वास्थ्य को मजबूत बनाती हैं। गुप्त नवरात्रि में इनका भोग लगाने से आध्यात्मिक और शारीरिक लाभ दोनों मिलते हैं।

लौंगः- लौंग को आयुर्वेद में खासा स्थान प्राप्त है। नेचुरल पेन किलर के इस्तेमाल से दांत दर्द, माइग्रेन के साथ ही मुंह की दुर्गंध और पाचन समस्याओं में भी राहत मिलती है। इसमें यूजेनॉल नामक तत्व होता है, जो एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण प्रदान करता है। यह खांसी, सर्दी-जुकाम में राहत देता है और पेट की गैस, एसिडिटी को दूर करता है। लौंग चबाने से मुंह ताजा रहता है और इम्यूनिटी बढ़ती है।



ज्वार-ज्वारे का रस :- ज्वारे का रस आयुर्वेद में अमृत तुल्य माना जाता है। यह विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ज्वारे का रस शरीर को अंदर से साफ कर, ब्लड शुगर कंट्रोल करता है और डायबिटीज में भी फायदेमंद है। यह पाचन सुधारता है, वजन घटाने में मदद करता है और जोड़ों के दर्द, सूजन को कम करता है। कलश स्थापना में ज्वार बेहद जरूरी होता है।

पान का पत्ताः- यह आयुर्वेद में पाचन, श्वसन और मुंह स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। यह एंटीसेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो बैक्टीरिया से लड़ता है और मुंह की दुर्गंध दूर करता है। पान का पत्ता कब्ज, एसिडिटी और खांसी में राहत देता है। इसमें विटामिन सी और कैल्शियम होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाता है। देवी को प्रिय यह पत्ता स्वास्थ्य के लिए वरदान है। कात्यायनी देवी की आराधना पान मुंह में रखकर की जाती है। नौ दुर्गा के साथ ही दस महाविद्याओं को भी पान अति प्रिय है।

**किशमिश** :- देवी को प्रिय किशमिश आयुर्वेद में रक्त शोधक और बलवर्धक मानी जाती है। यह आयरन से भरपूर होती है, जो एनीमिया दूर करती है और खून बढ़ाती है। किशमिश पाचन सुधारती है, कब्ज से राहत देती है और हृदय स्वास्थ्य के लिए अच्छी है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा चमकाते हैं और थकान मिटाते हैं।

**गुड़** :- गुप्त नवरात्रि का पहला दिन मां काली को समर्पित होता है, जिन्हें गुड़ बेहद प्रिय है। आयुर्वेद में इसे मिठास का सबसे अच्छा स्रोत माना जाता है। यह आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम से युक्त होता है, जो एनीमिया रोकता है और हड्डियां मजबूत करता है। गुड़ पाचन सुधारता है, कब्ज दूर करता है और श्वसन समस्याओं में लाभ देता है। यह शरीर को गर्म रखता है और डिटॉक्स करता है। इसके सेवन से पीरियड्स की समस्याओं में भी राहत मिलती है।

**तिल** :- आयुर्वेद में इसे वात दोष शांत करने वाला और पोषक माना जाता है। यह कैल्शियम से भरपूर होता है, जो हड्डियां मजबूत करता है और ऑस्टियोपोरोसिस रोकता है। तिल त्वचा, बालों के लिए अच्छा है और इम्यूनिटी बढ़ाता है। यह जोड़ों के दर्द में राहत देता है और ऊर्जा प्रदान करता है। काला और सफेद दोनों तिल सेहत के लिए लाभदायी माने जाते हैं।

**इलायची** :- आयुर्वेद में त्रिदोष शांत करने वाली मानी जाती है। यह पाचन सुधारती है, गैस और ब्लोटिंग दूर करती है। इलायची मुंह ताजा रखती है, श्वसन तंत्र को साफ करती है और खांसी में राहत देती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाते हैं और हृदय स्वास्थ्य बनाए रखते हैं।

**शहद** :- आयुर्वेद में शहद या मधु को भी अमृत तुल्य माना जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। यह कफ दोष संतुलित करता है, खांसी, गले की खराश, सर्दी-जुकाम में राहत देता है। घाव जल्दी भरते हैं, पाचन सुधारता है, इम्युनिटी बढ़ाता है। योगवाही गुण से अन्य औषधियों का असर कोशिकाओं तक पहुंचाता है। हृदय स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और त्वचा के लिए लाभकारी है।

# यह सपनों सरीखा डेब्यू है, मैं शुरू से आरसीबी फैन रही हूं : सयाली सतघरे




नवी मुंबई। सायली सतघरे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने तीन अहम विकेट लेकर टीम की आसान जीत में बड़ी भूमिका निभाई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यह मैच आठ विकेट से जीता। सायली को दूसरा ओवर डालने के लिए बुलाया गया। उनसे पहले पहले ओवर में इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन बेल ने दो विकेट लेकर टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई थी। इसी लय को सायली ने आगे बढ़ाया। अपने ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स को आउट किया। अगली ही गेंद पर उन्होंने ऑलराउंडर मैरीजाने कैप को क्लीन बोल्ड कर दिया।

अपने डेब्यू मैच में सायली ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए, जो किसी भी नए खिलाड़ी के लिए बहुत शानदार आंकड़े हैं। मैच के बाद उन्होंने टीम के माहौल की जमकर तारीफ की और कहा कि इसी अच्छे माहौल की वजह से वह अच्छा प्रदर्शन कर पाईं। सायली ने कहा कि अभी तक उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि यह सब सच है, लेकिन यह उनके लिए सपने जैसा पहला मैच रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 से ही वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की समर्थक रही हैं। फ्रेंचाइजी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, "अभी भी यकीन नहीं हो रहा है, लेकिन यह निश्चित रूप से एक सपनों सरीखा का डेब्यू है। 2008 में जब से आईपीएल शुरू हुआ है, मैं आरसीबी की फैन रही हूं, और जब महिला प्रीमियर लीग शुरू हुई तो मैंने हमेशा चाहा कि किसी दिन मुझे आरसीबी के लिए खेलने का मौका मिले।" उन्होंने आगे कहा, "यह सच में बहुत मजेदार है, टीम में युवा खिलाड़ी हैं, और सभी एक-दूसरे के साथ अच्छे से घुल-मिल रहे हैं।

हम सभी की सफलता का आनंद ले रहे हैं और सभी खिलाड़ी टीम के लिए खुश हैं।" उन्होंने टीम को युवा और एकजुट बताया और कहा कि सभी खिलाड़ी एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेते हैं। सायली को महिला प्रीमियर लीग 2026 की नीलामी में कोई खरीददार नहीं मिला था, लेकिन एलिस पेरी के निजी कारणों से टूर्नामेंट से हटने के बाद उन्हें मौका मिला।

## लुधियाना पुलिस की कामयाबी • गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़ा जबरन वसूली नेटवर्क ध्वस्त

# तीन सप्ताह में 10 शातिर ऑपरेटिव गिरफ्तार

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट ने संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े हथियार सप्लाई और ज़बरन वसूली मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। तीन हफ्तों की लगातार कार्रवाई में पुलिस ने 10 शूटर और सप्लायर को गिरफ्तार कर 12 अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं।

**▪ विदेशी हथियारों का जखीरा बरामद...** पंजाब के डीजीपी गौरव यादव की ओर से इस बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी साझा की है। आरोपियों से पुलिस ने 2 ऑस्ट्रियन ग्लॉक पिस्टल समेत 10 अन्य अत्याधुनिक हथियार जब्त किए। यह गिरोह पंजाब में अवैध हथियारों की तस्करी, उगाही और सुपारी किलिंग में सक्रिय था। गैंग राज्य में दहशत का माहौल बनाने की साजिश रच रहा था।

**▪ बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज...** पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है। पंजाब पुलिस ने दोहराया कि वह राज्य से गैंगस्टर नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी कार्रवाई जारी रहेंगी।



प्रेस वार्ता के दौरान सीपी स्वप्न शर्मा आरोपियों से बरामद हथियार के बारे में जानकारी देते। -लक्की भट्टी

### पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने क्या कहा

रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि, 12 दिसंबर 2025 को लुधियाना पुलिस ने थाना डिवीजन नंबर 4 में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ऑपरेशन के कारण आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें जतिन सैम, जसप्रीत सिंह जस्सू, शुभम ग्रोवर, जतिन कटारिया, राजेश कन्नू, मानव, विकासपाल और नरेश सेठी शामिल हैं।"ऑपरेशन के दौरान सात अवैध हथियार बरामद किए गए जिनमें दो 9mm ग्लॉक पिस्तौल ऑस्ट्रिया निर्मित शामिल हैं, साथ ही मैगजीन और जिंदा कारतूस भी मिले। पकड़े गए आरोपी बंदूक की नोक पर जबरन वसूली, अवैध हथियारों की तस्करी और अन्य हिंसक अपराधों में शामिल थे। हालांकि गोल्डी बराड़ अभी भी विदेश में है, लेकिन कानूनों के तहत उस पर मुकदमा चलाने के लिए कानूनी कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने ये भी बताया कि 5 जनवरी 2026 को थाना सलेम टाबरी में धारा 109 BNS और आर्म्स एक्ट की धारा 25/54/59 के तहत मामला भी दर्ज किया। इस मामले में आरोपी जतिन मट्टू मकड़ा और कुणाल मच्छी ने कथित तौर पर एक पीड़ित पर गोली चलाई जिसका वर्तमान में डीएमसी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### अन्य आरोपियों के लिये छापेमारी जारी : सीपी

इस हमले के बाद पुलिस ने जतिन मट्टू मकड़ा और मुकुल को गिरफ्तार किया और पांच अवैध हथियार जब्त किए जिनमें विदेशी और घरेलू निर्मित दोनों तरह की पिस्तौल शामिल हैं। अपराध में शामिल बाकी लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

**डिलीवरी के लिए करते थे पिक एंड ड्राप का तरीका...** इसके अलावा पकड़े जाने से बचने के लिए हथियारों की डिलीवरी के लिए एक गुप्त पिक-एंड-ड्रॉप तरीका इस्तेमाल किया जाता था। इस अवैध हथियार तस्करी और जबरन वसूली नेटवर्क को खत्म करने के लिए लुधियाना

### संगठित अपराध नेटवर्क आधारित ऑपरेशन

कमिश्नरेट पुलिस ने यह भी पता लगाया है कि ये ऑपरेटिव राज्य के अंदर और बाहर मौजूद कई हैंडलर्स के जरिए एक बड़े नेटवर्क से जुड़े हुए थे। बातचीत के लिए एडवांस्ड, एन्क्रिप्टेड एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते थे, जिससे अधिकारियों के लिए उनकी ऑनलाइन गतिविधियों को ट्रैक करना मुश्किल हो जाता था।

पुलिस ने क्राइम ब्रांच और जोनल अधिकारियों के तहत स्पेशल टीमें बनाईं। लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस संगठित अपराध अवैध हथियार तस्करी और हिंसक आपराधिक गिरोहों से निपटने और शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के अपने मिशन में पीछे नहीं हटेगी।

# वार्ड 66 के लोगों को मिली काले पानी की सजा, गंदा पानी पीने को मजबूर निवासी

लक्की मेहता| लुधियाना
समर न्यूज़



लुधियाना हल्का उत्तरी के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 66 के गोकुल विहार व दुर्गापुरी इलाके के लोग बीते करीब दो से तीन वर्षों से गंदा और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि स्थानीय लोग इस स्थिति को 'काला पानी की सजा' से कम नहीं मानते। पीने के साफ पानी की सुविधा न मिलने से जहां लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है, वहीं हर महीने अतिरिक्त खर्च भी उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है।



इलाके के निवासी मुनीश वर्मा, नीलम रानी, टीना बतिश, अमरजीत बतिश, सिमरन वर्मा, नविता जैन, निखिल जैन, सुमन खन्ना, अतुल शर्मा और जय श्री शर्मा ने बताया कि लंबे समय से उनके घरों में नलों से जो पानी आ रहा है, वह पीने लायक नहीं है। पानी में गंदगी साफ नजर आती है और कई बार उसमें सीवरेज का पानी मिला हुआ होता है। बदबू इतनी तेज होती है कि फिल्टर से छानने के बाद भी पानी पीना मुश्किल हो जाता है।

इलाका निवासियों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें बाहर से बोतलबंद पानी मंगवाकर पीना पड़ रहा है। जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उनके लिए यह अतिरिक्त खर्च किसी बड़ी परेशानी से कम नहीं है। कई घरों में महीने का हजारों रुपये सिर्फ पीने के पानी पर खर्च हो रहा है। इसके अलावा पानी की टंकियों को भी बार-बार साफ करवाना पड़ता है, जिसके लिए हर बार पैसे देने पड़ते हैं। इलाके में गंदे पानी की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। लोगों ने बताया कि पेट दर्द, उल्टी-दस्त, त्वचा रोग और अन्य संक्रमण आम हो गए हैं। आए दिन कोई न कोई बीमार पड़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। कई परिवारों को डॉक्टरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका मानसिक और आर्थिक तनाव और बढ़ गया है। निवासियों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार मोहल्ले के पार्षद और क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों के अनुसार, कभी-कभार अधिकारी मौके पर आते जरूर हैं, पानी के सैंपल लेते हैं या निरीक्षण करते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद हालात फिर वहीं के वहीं हो जाते हैं। अधिकारियों की यह कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि इलाके की पानी की पाइपलाइन पुरानी और क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण सीवरेज का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है। यदि समय रहते पाइपलाइन बदली जाती या मरम्मत की जाती, तो यह समस्या काफी हद तक हल हो सकती थी। लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

### क्या कहते हैं विधायक



*इस मामले पर जब लुधियाना हल्का उत्तरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा से बात की गई, तो उन्होंने कहा, मेरा हल्का मेरा परिवार है। वार्ड नंबर 66 के लोगों की परेशानी को मैं गंभीरता से ले रहा हूं। संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही इसका पक्का समाधान किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों को साफ और सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।*

# लुधियाना में सुबह घनी धुंध ने शहर को ढक लिया, धूप ने लोगों को राहत दी



-लक्की भट्टी

# सरकार ने दिए निर्देश, 30 दिन में शहर से बाहर होंगे स्क्रैप और जब्त वाहन

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़





पुलिस थाने के बाहर खड़े स्क्रैप व जब्त वाहन, मौके का जायजा लेते डीसी हिमांशु जैन व सीपी स्वप्न शर्मा। -समर न्यूज

पंजाब सरकार ने स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में पुलिस थानों, ट्रैफिक यार्डों और शहर की सीमाओं के भीतर स्थित अन्य सरकारी स्थानों पर खड़े स्क्रैप्ड, लावारिस और जब्त किए गए वाहनों को हटाकर शहर से बाहर निर्धारित यार्डों में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए हैं।

मंत्री ने बताया कि ऐसे सभी वाहनों को 30 दिनों के भीतर हटाया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमें सर्वे कर सूची तैयार करेंगी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी।

अरोड़ा ने कहा कि लंबे समय से खड़े पुराने और जब्त वाहन स्वच्छता, यातायात, पर्यावरण और जन-सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रहे हैं। इनमें पानी भरने से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ता है, वहीं तेल व रसायनों के रिसाव से मिट्टी और भूजल प्रदूषण होता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम, 1988, केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और पंजाब नगर निगम अधिनियम के तहत की जा रही है। सभी वाहनों को केवल अधिकृत स्क्रैप व रीसाइक्लिंग यार्डों में ही भेजा जाएगा।

वाहन हटाने से पहले उन्हें टैग कर फोटो ली जाएंगी, नोटिस चिपकाए जाएंगे और जहां संभव होगा, मालिकों को दावा करने का अवसर दिया जाएगा। जब्त वाहनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्थानांतरित किया जाएगा।

मंत्री ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह पहल स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहरों के निर्माण की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# लुधियाना में नशा विरोधी अभियान के तहत 5 शराब तस्कर गिरफ्तार

## नाकाबंदी के दौरान देसी-अंग्रेजी शराब की 69 बोतल बरामद, स्कूटी और कार जब्त

समर न्यूज़ | लुधियाना



लुधियाना में पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत नाकाबंदी कर 5 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देसी और अंग्रेजी शराब की 69 बोतल बरामद की है, जबकि एक स्कूटी और कार को जब्त किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट की धारा के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर डेहलो बाइपास स्थित श्रीमान ढाबा के पास रेड की। यहां से मोनू सुनार निवासी साहनेवाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 18 बोतल देसी शराब बरामद हुई। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी अवैध शराब बेचने का आदी है। वहीं दूसरी ओर टीम ने गांव खानपुर नहर के पुल के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को झाड़ियों में बैठे देखा। पकड़े जाने पर उसकी पहचान सागर निवासी कूमकलां के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोतल देसी शराब बरामद की गईं।

**▪ मॉडल टाउन में स्कूटी सवार तस्कर से पकड़ी अंग्रेजी शराब...** एएसआई अवतार सिंह की टीम ने आत्म पार्क सेवा केंद्र के पास गश्त पर थी। तभी पुलिस ने स्कूटी पर आ रहे रिंकू भल्ला निवासी मोहल्ला अब्दुल्लापुर बस्ती को रोका। तलाशी के दौरान स्कूटी से 9 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुईं। पुलिस ने शराब और एक्टिवा दोनों को कब्जे में ले लिया है।

**▪ कार में तस्करी कर रहा तस्कर गिरफ्तार...** साहनेवाल चौक पर नाकाबंदी के दौरान एएसआई करनैल सिंह ने सूचना के आधार पर एक सफेद रंग की कार को रोका। कार चला रहे जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा निवासी भागपुर की जब तलाशी ली गई तो गाड़ी के अंदर से 2 पेटी (24 बोतल) देसी शराब बरामद हुईं। इसके अलावा, एएसआई गुरदेव सिंह की टीम शेरपुर चौक नजदीक मिलिट्री कैंप के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान गेटवे प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के पास पार्क में खड़े एक संदिग्ध युवक रामजी निवासी आदर्श नगर को काबू किया गया। चेकिंग के दौरान उसके कब्जे से 6 बोतल शराब बरामद की गईं।

# धमकी देकर महिला से किया दुष्कर्म

लुधियाना| थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने एक लड़की की वीडियो और फोटो को वायरल करने का डर दिखाते हुए उसके साथ शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित लड़की की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सरफराज खान, फूल जहां और सायरा वासी जसवंत नगर चिट्ठी कोठी शिवपुरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि अभी तक तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# पुलिस थाने की दीवार फांदते समय गैंगस्टर कौशल की दोनों टांगें टूटीं

समर न्यूज़ | मुल्लांपुर

हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टरकौशल चौधरीने लुधियाना में पुलिस हिरासत से फरार होने की कोशिश की, लेकिन इस प्रयास में उसकी दोनों टांगें टूट गईं। यह घटना उस समय हुई जब वहमुल्लांपुर दाखा थानाकी दीवार फांदकर भागने की कोशिश कर रहा था। संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे तुरंत काबू कर लिया। जानकारी के अनुसार कौशल चौधरी कोगुरुग्रामजेल से प्रोडक्शन वारंट पर लुधियाना लाया गया था। उसे लुधियाना कोर्ट से पांच दिन का पुलिस रिमांड मिलने के बाद मुल्लांपुर थाने में रखा गया था। पुलिस का कहना है कि रात के समय उसने पेशाब के लिए बाहर जाने की बात कही। इसी दौरान उसने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को धक्का दिया और थाने की दीवार पर चढ़कर फरार होने का प्रयास किया। दीवार से कूदते समय वह संतुलन नहीं बना पाया और नीचे गिरने से उसकी दोनों टांगें फ्रैक्चर हो गईं। घटना के बाद शनिवार को गैंगस्टर कौशल चौधरी को स्ट्रेचर परलुधियाना कोर्टमें पेश किया गया। इस दौरान उसके चेहरे पर रुमाल बंधा हुआ था। कोर्ट ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी कोबदोवाल मिलिट्री कैंपके सामने स्थित रॉयल लीमो नामक लग्जरी कार शोरूम पर फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले में कौशल चौधरी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि उससे पूछताछ जारी है।

## समाधान | डॉग बाइट की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम

# लुधियाना में खुले पंजाब के पहले डॉग सेंटर का मंत्री संजीव अरोड़ा ने किया उद्घाटन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



लुधियाना में लगातार सामने आ रही डॉग बाइट की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पंजाब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इस समस्या के समाधान के लिए रविवार को कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने लुधियाना में पंजाब के पहले डॉग सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह पूरे पंजाब का पहला डॉग सेंटर है और आने वाले समय में राज्य के अन्य शहरों में भी ऐसे सेंटर खोले जाएंगे। मंत्री संजीव अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस डॉग सेंटर में करीब 500 आवारा कुत्तों के लिए रहने की व्यवस्था की गई है। यहां कुत्तों की देखभाल, इलाज और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा, जिससे शहर में डॉग बाइट की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह लुधियाना के लिए एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि जैसे शहर में गोशालाएं हैं, उसी तर्ज पर आने वाले समय में शहर के अन्य हिस्सों में भी डॉग सेंटर खोले जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट से जो भी दिशा-निर्देश मिलेंगे, उन्हें पूरी गंभीरता से लागू किया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मंत्री संजीव अरोड़ा के साथ मेयर इंद्रजीत कौर और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर भी मौजूद रहे।



# दिव्यांग बच्चों के क्लब का क्रिकेट मैच कराया

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

द पैरा क्रिकेट क्लब की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को खेल के माध्यम से आत्मविश्वास प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को समाज के सामने लाना था। मैच के दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरे जोश के साथ खेल में भाग लिया। इस अवसर पर द पैरा क्रिकेट क्लब से जुड़े डॉ. भानू प्रताप शर्मा ने बताया कि दिव्यांग बच्चे सामान्य खिलाड़ियों की तुलना में कहीं अधिक मेहनत करते हैं, ताकि वे अपनी कला और प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान कई बार बच्चों को चोट भी लग जाती है, लेकिन उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर डॉक्टरों की पूरी टीम मौजूद रहती है, जिससे तुरंत उपचार किया जा सके। डॉ. शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि उनकी फाउंडेशन दिव्यांग बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। फाउंडेशन की ओर से इन बच्चों को विकलांग कोटे के अंतर्गत सरकारी नौकरियां दिलाने में भी सहायता की जाती है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 135